भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 320 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 05 दिसम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।
क्रियायोग
हं ★ क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास



## फिर जागा सिद्धू का पाकिस्तान प्रेम


### भारत-पाकिस्तान व्यापार शुरू करने की वकालत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का पाकिस्तान प्रेम एक बार फिर सामने आया है। अब नवजोत सिंह सिद्धू ने भारत-पाकिस्तान के बीच ट्रेड शुरू किया जाना चाहिए। अमृतसर में सिद्धू ने कहा, 'मैंने पहले भी आग्रह किया था, मैं एक बार फिर से आग्रह करना चाह रहा हूं कि बाजार शुरू होना चाहिए। यह हम सभी को फायदा पहुंचाएगा। वजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि पाकिस्तान बॉर्डर बंद होने से सबको नुकसान हो रहा है। अगर बॉर्डर खुल जाएगा तो इससे व्यापार में मदद मिलेगी। बॉर्डर खुल जाने से कई देशों के व्यापार के रास्ते खुल जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत-पाक व्यापार 37 बिलियन अमेरिकी डॉलर हैं, इससे 34 देश व्यापार करते हैं, लेकिन बॉर्डर बंद होने से हम केवल 3 बिलियन डॉलर का ही व्यापार कर पा रहे हैं।

सिद्धू ने कहा कि भारत-पाक बॉर्डर बंद होने से पंजाब को काफी नुकसान हो रहा है। बॉर्डर बंद होने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। इससे पंजाब को करीब 4 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि इस चुनाव में रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा होने जा रहा है...मैं आपको गारंटी देता हूं कि थोड़े समय के भीतर हम आपको एक विजन देंगे। सबके पास आंखें हैं, किसी के पास विजन है। सिद्धू ने बताया कि भारत-पाक व्यापार का दायरा और ये 34 देश 37 बिलियन अमेरिकी डॉलर हैं। अभी हम केवल वर$3 बिलियन का व्यापार कर रहे हैं, क्षमता का 5% भी नहीं। पंजाब को पिछले 34 महीनों में 4,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, 15,000 नौकरियां चली गईं। बता दें कि सिद्धू इससे पहले पाकिस्तानी पीएम को अपना भाई तक बता चुके हैं।

# बीजेपी को काशी-मथुरा के लिए बनाना चाहिए कानून : तोगड़िया

### त्रिपल तलाक का दिया उदाहरण



**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा है कि हिंदुओं के संघर्ष से राम का मंदिर बन रहा है। यह आनंद की बात है। डॉ. तोगड़िया शुक्रवार की देर शाम को जौनपुर के रूहट्टा स्थित एक कांपलेक्स में आयोजित हिंदू धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम के पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में है तो काम करना चाहिए। मथुरा-काशी के लिए भी कानून बनाना चाहिए। ट्रिपल तलाक पर कानून आ सकता है तो काशी, मथुरा के लिए भी आ जाए। मुझे वश्विास है इस कानून को लाने से चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में लाभ होगा। सरकार को चाहिए कि संसद में कानून बनाए और काशी वश्विनाथ का सम्मान करे।

उन्होंने कहा, "मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी के 17 साल के कार्यकाल में महंगाई बढ़ी है। गरीब और गरीब तथा मुठ्ठी भर पैसे वाले अमीर हो रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग का विकास रुक गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में भी विकास हुआ। मनमोहन, अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी की भी सरकार में काम हुए, लेकिन, गरीब की गरीबी बढ़ रही है। उद्योगपति समृद्ध हो रहे हैं , यह हम नहीं, सरकारी आंकड़े बताते हैं। सरकार को देश की अर्थतंत्र की पॉलिसी बदलनी होगी।

तोगड़िया ने आगे कहा, "जैसे राम मंदिर बनाने के लिए अभियान चलाया था, वैसे ही देश की आर्थिक समृद्धि, गरीबी मुक्त भारत, रोजगार युक्त युवा और कर्ज मुक्त किसान के लिए हम अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा ओमक्रिॉन के मरीज भारत में जगह-जगह मिल रहे हैं। सरकार को भी अस्पताल में दवाई और बेड की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना होगा। प्रवीण भाई तोगड़िया ने तीन कृषि कानूनों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका की एक कंपनी है जो सारी उपज खरीद लेती है। यह भारत में भी होने वाला था। एक उद्योगपति किसानों से 1300 रुपये क्विंटल खाद्यान्न खरीदता और फिर उसे तीन हजार में बेचता , अच्छा हुआ नरेंद्र मोदी सरकार ने समय रहते कृषि कानून वापस ले लिए। किसानों के लिए समर्थन मूल्य का कानून बनाना चाहिए। उन्होंने फसल हमारा दाम तुम्हारा नहीं चलेगा, नहीं चलेगा नहीं चलेगा, फसल हमारा दाम हमारा यही चलेगा यही चलेगा का नारा देते हुए कहा कि किसान को अपनी फसल का दाम लगाने का पूरा हक है।

## कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर चौकसी बढ़ी, सीएम योगी ने दिया यह आदेश



**लखनऊ।** देश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रान की पुष्टि होने पर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की सीमाओं पर चौकसी की व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। सीमावर्ती राज्यों से प्रदेश में आने वालों पर नजर रखी जाएगी। संदिग्धों की तत्काल जांच की जाएगी। संक्रमित पाए जाने की स्थिति में उनका कोविड प्रोटोकॉल के तहत इलाज कराया जाएगा। वहीं आरटीपीसीआर जांच की क्षमता वृद्धि के बाद अब जीनोम सीक्वेंसिंग की रफ्तार बढ़ाने की भी तैयारी है। सीएम योगी ने पीजीआई, केजीएमयू में जीनोम परीक्षण को तेज करने के आदेश दिए हैं।

कोरोना की पहली लहर के दौरान राज्य में जांच की सुविधाएं बेहद सीमित थीं। मगर अब यूपी में करीब ढाई लाख सैंपलों की जांच रोज किए जाने की क्षमता है। तमाम जिलों में बीएसएल-2 लैब खोली गई हैं। प्रदेश में ब ीएचयू, सीडी आर आई,आईजी आईबी, राम मनोहर लोहिया संस्थान, एन बी आर आई में नए वेरिएंट की जांच जरूरत पड़ने पर की जा सकती है। बता दें कि राजधानी लखनऊ के एन बी आर आई में कोरोना की पहली लहर के बाद ही नए वेरिएंट की जांच शुरू की थी। जिसमें 45 सैंपल जांचे गये थे। संभावित तीसरी लहर को देखते बीएचयू, केजीएमयू, सीडी आर आई व आईजी आईबी में नए वेरिएंट के जीनोम परीक्षण की प्रक्रिया की जा सकती है जिससे जांच प्रक्रिया प्रदेश में रफ्तार पकड़ेगी।स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डा. वेदव्रत सिंह के मुताबिक प्रदेश में फोकस टेस्टिंग के दायरे को बढ़ाते हुए स्क्रीनिंग, सर्विलांस, जांच को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। कर्नाटक के बाद हैदराबाद में मिले नए वेरिएंट के चलते सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्तकता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बीएसएल-2 आरटीपीसीआर प्रयोगशालाओं का संचालन किया जा रहा है।

### टीएमसी ने अपने प्रत्याशियों को चेताया

## हिंसा का सहारा लिया तो पार्टी से करेंगे बाहर

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव के अपने उम्मीदवारों को हिंसा और बाहुबल का सहारा लेने के खिलाफ आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि जो लोग आदेश का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया जाएगा। 144 वार्डों वाले कोलकाता नगर निगम के लिए 19 दिसंबर को मतदान होगा। शनिवार को टीएमसी के सभी 144 उम्मीदवारों की एक बंद कमरे में बैठक हुई, जिसे मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने संबोधित किया। बैठक के बाद टीएमसी के उम्मीदवार तारक सिंह ने कहा, ह्लहमारे नेता अभिषेक बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पार्टी केएमसी चुनावों के दौरान बाहुबल या हिंसा के इस्तेमाल को बर्दाश्त नहीं करेगी। सिंह ने बताया, "उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर कोई पार्टी के आदेश का उल्लंघन करता है, तो शीर्ष नेतृत्व से उसकी नजदीकी और उसके कद की परवाह किए बिना उसे पार्टी से बाहर कर दिया जाएगा।" इससे पहले राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर राजनीतिक हिंसा हुई थी। चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। अधिकतर मामलों में टीएमसी के कार्यकताओं पर आरोप लगे। सीबीआई इन केसों की जांच कर रही है।



# देश में पैर पसारने लगा ओमिक्रॉन

## दुबई-दिल्ली होते हुए दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौटा शख्स मिला संक्रमित

**मुंबई(एजेंसी)।** कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट का देश में एक और केस मिल गया है। दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौटा शख्स ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित पाया गया है। अब तक देश के तीन राज्यों में 4 केस सामने आ चुके हैं। इससे पहले आज ही गुजरात के जामनगर में भी एक बुजुर्ग इस वेरिएंट से पीड़ित मिला है तो दो केस कर्नाटक में मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि 33 साल का यह शख्स 24 नवंबर को केपटाउन से लौटा था। वह दुबई और दिल्ली होते हुए मुंबई आया। उसने कोई वैक्सीन नहीं ली है। राहत की बात यह है कि उसके संपर्क में आए सभी लोग कोरोना निगेटिव पाए गए हैं। दिल्ली-मुंबई फ्लाइट में उसके साथ सफर करने वाले 25 यात्रियों की रिपोर्ट की भी निगेटिव आई है। महाराष्ट्र में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने बताया कि संक्रमित मरीज मुंबई के समीप कल्याण डोम्बिवली नगरपालिका क्षेत्र में पहुंचा था और यहां जांच में कोरोना संक्रमित पाया गया। जीनोम सिक्वेंसिंग के बाद ओमिक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई।




जिम्बाब्वे से लौटा गुजरात के जामनगर शहर का 72 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' से संक्रमित पाया गया है। गुजरात में सामने आया मामला भारत में 'ओमीक्रोन' स्वरूप का तीसरा केस बना। अधिकारियों ने कहा कि यह व्यक्ति 28 नवंबर को जिम्बाब्वे से गुजरात आया था और दो दिसंबर को कोरोना वायरस से संक्रमित मिला था, जिसके बाद उसका नमूना जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा गया था। यह व्यक्ति पिछले कई साल से जिम्बाब्वे में रह रहा है और वह राज्य में अपने ससुर से मिलने आया था।

सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पाया गया कोरोना का यह वेरिएंट बेहद खतरनाक माना जा रहा है। 50 से अधिक म्यूटेशन वाला यह वेरिएंट बेहद कम समय में 40 से अधिक देशों में पहुंच चुका है। माना जा रहा है कि यह डेल्टा वेरिएंट से भी कहीं अधिक तेजी से फैल सकता है और इम्युनिटी को भी चकमा दे सकता है। यही वजह है कि कई देशों ने इसके डर से अपनी सीमाओं को सील कर दिया है और विदेशी यात्रियों के आने पर रोक लगा दी है।


### ओमिक्रॉन दहशत के बीच टीकाकरण में तेजी, आज फिर 1 करोड़ से अधिक लोगों को दी गई खुराक

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर बढ़ती चिंता के बीच देश में कोरोना टीकाकरण को रफ्तार दी जा रही है। शनिवार को एक बार फिर 1 करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन की खुराक दी गई। देश में अब तक कुल 1,27,55,79,262 खुराक दी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, "भारत ने आज फिर 1 करोड़ वैक्सीन लगाई। 'हर घर दस्तक' की पूरी रफ्तार के साथ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान नई ऊंचाई छू रहा है और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर रहे हैं कीर्तिमान रच रहा है।

### पंजाब में कांग्रेस का गेम बिगाड़ेंगे अमित शाह? कहा-

## हमारा गठबंधन होगा, कैप्टन साहब से बातचीत चल रही

**नई दिल्ली।** पंजाब में अगले साल की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव है और कांग्रेस का गेम बिगाड़ने के लिए भाजपा गठबंधन की रणनीति पर काम कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिन्दुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में पंजाब चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति पर चर्चा की। पंजाब में गठबंधन के सवाल पर अमित शाह ने कि हमारी कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी और शिरोमणि अकाली दल दोनों से बातचीत चल रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन हो जाएगा। बता दें कि हाल ही में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस का साथ छोड़ा था और यह संकेत दिया था कि उनकी नई पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है। पंजाब चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में समिट में अमित शाह ने कहा कि हम इस बारे में सकारात्मक हैं। हमारी कैप्टन साहब से भी बात चल रही है। साथ ही हम शिरोमणि अकाली दल के साथ भी चर्चा में हैं। हो सकता है हमारा गठबंधन हो। शाह ने कहा कि पंजाब का चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा, जिसका प्रदर्शन बेहतर होगा, वो चुनाव जीतेगा। उन्होंने कहा कि जहां तक किसानों के आंदोलन का सवाल है तो पीएम मोदी ने बहुत बड़ा दिल दिखाकर तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया और आंदोलन को समाप्त करने को कहा।



गौरतलब है कि अगले साल होने वाला पंजाब विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प हो चला है।

# केंद्र संग बात करने को किसान मोर्चा ने बनाई 5 सदस्यीय कमेटी

**नईदिल्ली।** किसान आंदोलन के भविष्य की राह तय करने को सिंघु बॉर्डर पर शनिवार को हुई संयुक्त किसान मोर्चा (रङट) की बैठक के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत सरकार से बात करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। सरकार से बात करने के लिए यह अधिकृत बॉडी होगी। इस कमेटी में बलबीर सिंह राजेवाल, शिव कुमार कक्का, गुरनाम सिंह चढूनी, युद्धवीर सिंह और अशोक धवले शामिल होंगे।

टिकैत ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की अगली बैठक 7 दिसंबर को दोबारा से सिंघु बॉर्डर पर 11 से 12 बजे होगी। सिंघु बॉर्डर पिछले वर्ष नवंबर से शुरू हुए किसान आंदोलन का अहम केंद्र रहा है। यह कमेटी सरकार से एमएसपी, मृतक किसानों को मुआवजा समेत सभी मामलों पर बातचीत करेगी। हालांकि, केंद्र सरकार ने अब आधिकारिक तौर पर तीनों विवाादस्पद कृषि कानूनों को वापस ले लिया है। किसान नेता दर्शन पाल सिंह ने कहा कि सभी किसान संगठनों के नेताओं ने कहा कि जब तक किसानों के खिलाफ मामले वापस नहीं लिए जाते वे वापस नहीं जाएंगे। आज सरकार को एक स्पष्ट संकेत दिया गया है कि जब तक कि किसानों के खिलाफ सभी मामले वापस नहीं लिए जाते हम आंदोलन वापस नहीं लेने वाले हैं। प्रदर्शनकारी किसान सरकार से एमएसपी गारंटी कानून की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह मांग पूरी हुए बिना किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों में राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के किसान शामिल हैं। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा था कि केंद्र को एमएसपी पर बनी कमेटी के लिए पांच नाम भेजने का निर्णय बैठक में किया जाएगा क्योंकि सरकार से उन्हें कोई औपचारिक संदेश प्राप्त नहीं हुआ है। केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए विधेयक पारित किया था। संयुक्त किसान मोर्चे की आज की बैठक में किसान आंदोलन के दौरान उत्पन्न स्थितियों- किसानों की मौत, किसानों पर मुकदमे वापस लेने और लखीमपुर खीरी की घटना पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### 7 को फिर होगी एसकेएम की बैठक





### मोदी सरकार पर बरसीं महबूबा मुफ्ती

## यह गोडसे का हिन्दुस्तान और अब वह गोडसे का कश्मीर बना रहे हैं

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर मोदी सरकार पर बरसते हुए कहा है कि यह गांधी का नहीं गोडसे का हिन्दुस्तान है और अब वे (बीजेपी सरकार) गोडसे का कश्मीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद को उम्मीद थी कि मोदी कश्मीर के लिए राजधर्म का पालन करेंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए। एक न्यूज चैनल के एक कार्यक्रम में 'नया कश्मीर' को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में महबूबा ने कहा, "2019 में गैर संवैधानिक और अवैध तरीके से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया। और अब वह कह रहे हैं कि हमने नया कश्मीर बना दिया है। कहां है नया कश्मीर? आज एक बेटी अपने पिता का शव मांग रही है। एक बहन भाई के शव का इंतजार कर रही है। गलियों में खून के दाग पानी से धोए जा रहे हैं। दुर्भाग्य से कुछ मीडिया आउटलेट सरकार का नेरेटिव फैला रहे हैं। नया कश्मीर? नया हिन्दुस्तान की बात क्यों नहीं होती? जो संविधान की बात करते हैं उन्हें टुकड़े-टुकेड़े गैंग कहा जाता है।

## खबर संक्षेप

### सड़क पार कर रही लड़की को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, घायल

**फूलपुर।** पिता को खाना देने के लिए सड़क पार कर रही बच्ची को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया और घायल लड़की को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत सब्जी मंडी के पास शनिवार को लगभग तीन बजे एक रोडवेज बस जौनपुर से प्रयागराज जा रही थी। अभी बस सब्जी मंडी के पास ही पहुंची थी कि अचानक 10 वर्षीय बच्ची खुशबू मंडी के पास ही अपने पिता फूलचंद मौर्य को खाना देने के लिए सड़क पार करने लगी। जिससे वह बस से टकरा गई। मौके पर पहुंचे आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचित करने के साथ ही बच्ची को घायलावस्था में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# एनटीपीसी मेजा ने वितरित किए 18 दिव्यंगों को श्रवण उपकरण

अखंड भारत संदेश

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस समारोह हुआ आयोजित



दिव्यांग दिवस के अवसर पर श्रवण उपकरण के साथ दिव्यांगजन

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्रा. लिमिटेड द्वारा आर एंड आर के सामुदायिक विकास कार्यों के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य पर दिव्यांग जनों के स्वावलंबन हेतु सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता के सहायक उपकरणों में श्रवण संबंधी उपकरण एवं अन्य उपकरण 18 दिव्यांगों में वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार जी ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य करके मेजा ऊर्जा निगम गौरवान्वित होता है। कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमारए मुख्य महाप्रबंधक ;परियोजना एवं तकनीकी सेवाएं राजेश कुमार कन्नोजिया अपर महा प्रबंधक मानव संसाधन अखिल के पी पटनायक उप महाप्रबंधक आर एंड आर, सी पी एस निरंजन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

### चांद मोहम्मद व आनन्द जैसल बसपा से निष्कासित

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मण्डल सेक्टर प्रभारी आनन्द जैसल व चाँद मोहम्मद को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने तथा पार्टी का अनुशासन भंग करने के आरोप में दोनों बसपा नेताओं को बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उक्त जानकारी बसपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले महीने बसपा के एक मुख्य सेक्टर प्रभारी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होंने के आरोप में बसपा ने बाहर का रास्ता दिखाया था। इसके साथ ही कुछ सेक्टर प्रभारियों को पद से मुक्त कर दिया गया था। उक्त प्रकरण के विरोध में उस समय आनन्द जैसल और उनके समर्थकों ने जमकर विरोध किया था। इसी सबके चलते शुक्रवार को कुछ लोग बसपा प्रमुख मायावती से मिलने लखनऊ गए थे। जिसमे मण्डल सेक्टर प्रभारी टीएन जैसल, पूर्व सेक्टर प्रभारी आनन्द जैसल सहित आधा दर्जन बसपा के समर्थक शामिल थे किंतु इन लोगो को कोई तरजीह नही मिली और दिन भर परेशान होकर वापस लौट आये।

## न्यूज झरोखा

### बारा विधायक डॉ. अजय ने उप मुख्यमंत्री से जसरा रेलवे ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग की



**घूरपुर।** बारा विधायक डॉ अजय कुमार शुक्रवार की शाम सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के निदान के साथ जसरा रेलवे फाटक पर लगने वाले आये दिन जाम से निजात दिलाने के लिए ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग की । बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने शनिवार के दिन सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर क्षेत्र की कई जर्जर सड़को की मरम्मत कराए जाने की मांग की । इसी के साथ विधायक ने जसरा रेलवे फाटक पर रोज लगने वाले जाम से परेशान जनता का हाल बया किया । जिस पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने जल्द ही जसरा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाये जाने का भरोसा दिया । इस मौके पर विधायक के साथ शिवयस पांडेय,मोहन यादव,जितेंद्र शुक्ल,अभिषेक तिवारी,डॉ वीरेंद्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधान जंघई द्वारा स्वच्छ भारत मिशन हेतु सफाई कर्मचारियों को सफाई किट सौंपा



**जंघई।** प्रतापपुर ब्लॉक के जंघई बाजार एवं गाँव में स्वच्छता एवं सुंदरता हेतु प्रधान जंघई फूलवंती देवी द्वारा साफ सफाई में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा मिशन स्वच्छ भारत के तहत ग्राम सभा जंघई में तैनात सफाईकर्मियों को सफाई किट मुहैया कराया गया। साथ ही सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान रखें।सफाई किट में ट्राली, फावड़ा, फिनायल, कूड़ेदान, कूड़ा उठाने वाला, सेनेटाइजर, झाड़ू, ब्लीचिंग पाउडर सहित तमाम सामग्री सफाई कर्मचारियों को दिया गया।प्रधान द्वारा किये गये इस जनहित कार्य की सभी ने प्रशंसा किया है।इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार, मुन्नालाल सफाईकर्मी, सूर्यबली सफाईकर्मी, घनश्याम सफाईकर्मी सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### नागरिक महाविद्यालय जंघई जौनपुर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**जंघई।** काशी विश्वनाथ धाम यात्रा के तत्वावधान में नागरिक महाविद्यालय जंघई में शनिवार को देशप्रेम, भारतीय संस्कृति की अखंडता एवं उत्कृष्टता तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं पेंटिंग का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को भारतीय सँस्कृति एवं जीवन के विविध पक्षों को समझने में सहजता होती है । पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ती है इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ ओमप्रकाश मिश्र, डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ रत्नेश कुमार शुक्ल, डॉ दिनेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ रवि कुमार मिश्र, समाजशास्त्र विभाग एवं विनोद कुमार पाण्डेय अंग्रेजी विभाग ने किया।

### नागरिक पीजी कालेज जंघई के शिक्षकों ने महा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया



**जंघई।** नागरिक पीजी कालेज जंघई के शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन साथी हैं पौधा लगाएं, जीवन बचाएं पर्यावरण की रक्षा करें।सभी से निवेदन है पौधा अवश्य लगाएं सबसे महंगी चीजों हवा, पानी, आक्सीजन को प्रकृति ने हमें मुफ्त में दिया है तो यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि उसे सहेज कर रखें।

# चौकी के नाक के नीचे हुई आधा दर्जन चोरियां, खुलासा एक भी नहीं

अखंड भारत संदेश

### चोरियों के खुलासों के बजाय चौकी प्रभारी हुए अवैध वसूली में लिप्त

**लेडियारी।** थाना कोरांव के बड़ोखर चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित उक्त बाजार में आधा दर्जन से अधिक चोरियां लगातार होती रही है और स्थानीय पुलिस मूक बनी हुई देखती जा रही है। बताते चलें कि जबसे नवागंतुक चौकी प्रभारी शिवेंद्र सिंह बड़ोखर का पदभार ग्रहण किए तब से लगातार चोरों द्वारा उक्त चौकी के आसपास ही स्थिति आधा दर्जन से अधिक दुकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान एवं नगदी पार करते हुए देखे जा रहे। पहली चोरी बीते 29 तारीख को चौकी से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर बड़ोखर से रत्यौरा वाली सड़क पर सुनील केशरी, शंकर केशरी, अशोक कुमार लाला, अरुण कुमार तिवारी एवं एक विधवा औरत के चाय पान की गोमती पर चोरों का कहर टूटा उसके बाद दो तारीख को कस्बे में ही स्थिति घनश्याम सोनी के आभूषण की दुकान पर लाखों के जेवरात दिन दहाड़े देखते ही देखते चोरों ने पार कर दी। इसके बाद भी चोरियों का सिलसिला नहीं रुका जो बीती रात राम सहाय के मोबाइल की दुकान पर भी चोरी कर चोरों ने अपना हाथ साफ किया। आधा दर्जन से अधिक दुकानों के ताले तोड़कर चोरों द्वारा लाखों रुपए के सामान व नकदी चोरी कर लिया गया किन्तु चौकी प्रभारी शिवेंद्र सिंह अपने हाथ पर हाथ बैठे तमाशा देख रहे हैं जो कार्रवाई के नाम पर अभी तक कुछ भी करते नहीं दिखाई दिए। इलाके के लोगों का कहना है कि अभी तक ऐसा नहीं हुआ था किन्तु यह पहली बार ऐसा हो रहा है कि लगातार चोरियों का सिलसिला जारी है और पुलिस मूक बनी तमाशबीन बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगों का यह भी आरोप है कि उक्त चौकी प्रभारी चोरियों का खुलासा करने के बजाय अवैध खनन कताओं से मिलकर वसूली करने में लगे हुए हैं तो इधर उनका ध्यान कैसे जाए। ऐसी स्थिति में चोरों का मनोबल क्यूं न बढ़े जब उनके ऊपर कार्रवाई ही नहीं की जा रही तो वह अपना गलत काम रोकने के बजाय और भी आगे बढ़ते जाएंगे।

# राम मंदिर निर्माण के बाद काशी और मथुरा मंदिरों का खुलेंगा मुक्ति का द्वार : प्रवीण तोगड़िया

अखंड भारत संदेश



डॉ प्रवीण तोगडिया का स्वागत करते निदेशक आर पी पाण्डेय

**करछना।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू हृदय सम्राट डा.प्रवीण तोगड़िया जी का प्रयागराज में आगमन। हुआ ।। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद्, राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जगह जगह पर भव्य स्वागत किया। ज्ञात हो कि वह विगत एक महीने से देशभर में हिन्दू रक्षा निधि के लिये प्रवास पर है। वह शनिवार नैनी स्थित एडीए कालोनी में डा. आर पी पाण्डेय निदेशक ज्योति ग्रुप इन्स्टीट्यूट और डा.कात्यायनी शुक्ला जी के आवास पर उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुये कहा कि, राममंदिर का कार्य पूरा हो जाने के पश्चात अब काशी विश्वनाथ और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा की मुक्ति के लिये संगठन पूरी ताकत के साथ कार्य आरम्भ करेगा।भारत को हिन्दूराष्ट्र बनाकर रामराज्य की स्थापना हो सके । जनसंख्या नियंत्रण कानून एवं सामान नागरिक संहिता लागू करने पर भी जोर दिया।इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मा.ईश्वरी जी, क्षेत्र मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश, काशी प्रांत के कार्याध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, नरेन्द्र शास्त्री जी (राष्ट्रीय बजरंगदल के काशी प्रांत महामंत्री ) कुसुम पांडेय विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद डा.कात्यायनी शुक्ला विभागाध्यक्ष ,मुकेश उपाध्याय, राजीव तिवारी, प्रमोद सिंह तोमर, विनोद मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बड़े हनुमान मंदिर दर्शन को पहुंचे प्रवीण तोगड़िया

**प्रयागराज।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंगदल के प्रमुख प्रवीण भाई तोगड़िया ने शनिवार को बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन किया। इस दौरान मंदिर के महंत बलवीर गिरि ने दर्शन पूजन कराया। कार्यकताओं की कुशलता जानने के लिए प्रयागराज आए प्रवीण तोगड़िया सुबह हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने महंत बलवीर गिरि को शुभकामनाएं दीं और महंत नरेंद्र गिरि के बारे में बात कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# परमाणु ऊर्जा मंत्रालय के स्वतंत्र निदेशक बने संतोष, भाजपाईयों ने घूरपुर में किया स्वागत

अखंड भारत संदेश



परमाणु ऊर्जा के स्वतंत्र निदेशक संतोष सिंह पटेल का स्वागत करते भाजपाई

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी काशीक्षेत्र के महामंत्री व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह पटेल को केन्द्र सरकार के परमाणु ऊर्जा मंत्रालय का स्वंतत्र निदेशक मनोनीत होने पर भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर दौड़ पडी.। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,प्रोटोकाल मंत्री सुरेश शुक्ला आदि ने शनिवार को प्रयागराज जा रह संतोष सिंह पटेल का घूरपुर मे स्वागत और माल्यार्पण करते हुए बुके व अंगवस्त्र भेंटकर मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाऐं दी। और कार्यकर्ता स्वागत करते हुए प्रयागराज आवास मे पहुचकर के शुभकामनाऐ दी। जिलाध्यक्ष ने कहा यह नव दायित्व से यमुनापार का ही नही अपितू पूरे काशीक्षेत्र के कार्यकर्ताओ का सम्मान हुआ है। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने कहा भाजपा के सरकार और संगठन मे सभी का सम्मान और विकास है। महामंत्री को नए जिम्मेदारी के लिए अनंत मंगलकामनाऐं देता हूँ। महामंत्री संतोष पटेल ने शीर्ष नेतृत्व के साथ सभी कार्यकर्ताओ का आभार जताया है। शुभकामनाऐं देने वालो मे जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल,पिछडा. मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी आर.के.शर्मा,राजू सिंह पटेल,सावन पांडेय आदि प्रमुख रूप से रहे।

### जमकर हो रही है बड़ोखर एच.पी. पैट्रोल पंप पर मिलावट खोरी एवं घटतौली

**लेडियारी।** कोरांव तहसील क्षेत्र के बड़ोखर में स्थित एच.पी. पेट्रोल पंप पर डीजल एवं पेट्रोल में मिलावट खोरी तथा घटतौली से किसानों तथा वाहन मालिकों का जमकर पेट्रोल पंप मालिक द्वारा किया जा रहा है जिससे इस मिलावट खोरी के चलते वाहन खराब हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर किसान के खून पसीने की कमाई पर डाका डाला जा रहा है जिससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। बताया जाता है कि बड़ोखर गांव के एच.पी. पैट्रोल पंप के मालिक लक्ष्मी चंद केसरी है इनके द्वारा मिलावटी डीजल पेट्रोल खुलेआम बेचा जा रहा है परंतु संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इसे नजरअंदाज किया जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप मालिक द्वारा जिले के एक अधिकारी से साठगांठ करके मिलावटी धंधा किया जा रहा है उस अवैध कमाई में बंदरबांट करके किसानों के खून पसीने की कमाई डकार रहे हैं इस मिलावट खोरी के चलते बाइको एवं डीजल इंजनों का एवरेज नहीं मिल पा रहा है बल्कि उसका इंजन जल्दी खराब हो जाता है इतना ही नहीं कई बार पेट्रोल में पानी तक मिला परंतु ऊंची सांठगांठ के चलते कोई कार्य नहीं होती है जिसके कार्य मनोबल काफी बढ़ गया है कभी कभार जब उच्च अधिकारियों का दौरा होता है तो सांठगांठ रखने वाले अधिकारी पहले सूंचना दे देते हैं।

# पर्वतारोहण स्पर्धा बड़ोखर में आज से

अखंड भारत संदेश

**पर्वतारोहण स्पर्धा 5 दिसम्बर रविवार, को प्रातः 10 बजे से सबरी महाविद्यालय के पास से प्रारंभ होगी एवं समापन पहाड़ के ऊपर स्थित तालाब पर होगा**

**कोरांव।** पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक धरोहरों के संवर्धन के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु यमुनापार विकास समिति के तत्वावधान में प्रयागराज के तहसील कोरांव अंतर्गत बड़ोखर गांव में यमुनापार पर्यटन विकास समिति द्वारा आयोजित पर्वतारोहण स्पर्धा 5 दिसम्बर रविवार, को प्रातः 10 बजे सबरी महाविद्यालय के पास से प्रारंभ होगी एवं समापन पहाड़ के ऊपर स्थित तालाब पर होगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक यमुनापार पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि स्पर्धा हेतु क्षेत्रीय विद्यालयों के 21 छात्रो को चयनित किया गया है। कार्यक्रम के सह संयोजक सुनील केशरी के अनुसार भाग लेने वाले प्रतिभागियों मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो को मेडल प्रदान करने के साथ ही सभी प्रतिभागियों को यमुनापार विकास समिति द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया जायेगा। यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्रीय जागरुक नागरिको एवं समाज सेवियों से कार्यक्रम में समय से उपस्थित होने की अपील करते हुए कहाकि अपने क्षेत्र में पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक धरोहरो को संरक्षित करने हेतु लोगों को जागरुक करने का प्रयत्न करे जिससे शासन- प्रशासन की योजनाएं क्रियान्वित हो सके।

# ब्लाक स्तरीय ई.सी.सी.ई. क्रियान्वयन, एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेस




प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**करछना।** ब्लाक संसाधन केंद्र कौधियारा में बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के ब्लाकस्तरीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी कौंधियारा अतुल दत्त तिवारी एवं नोडल ए आर पी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल रेडीनेस प्रशिक्षण प्राप्त नोडल शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सम्मिलित हुए। कार्यशाला की शुरूआत संदर्भदाताओं के द्वारा स्कूल रेडीनेस प्रशिक्षण क्या है, बच्चे, विद्यालय, अभिभावक की तैयारी व विद्या ज्ञान प्रवेश, बाल-वाटिका, पूर्व बाल्या वस्था देखभाल एवं शिक्षा के बारे में विस्तार रूप से चर्चा किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी नोडल शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सामूहिक एवं एकल रूप से कराई गई गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किए। इस कार्यशाला में प्री-प्राइमरी से कक्षा एक में बच्चों को लाने हेतु किस प्रकार तैयार किया जाय, आंगनवाड़ी की भूमिका व खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भाषायी व अंकीय ज्ञान के बारें में समझ पर विस्तार से चर्चा किया गया। उक्तकार्यशाला ए आर पी विनोद कुमार मल्ल, नवीन कुमार पांण्डेय और सभी संदर्भदाता के रूप में सुरेश चन्द्र त्रिपाठी, शबनम, रिजवान अहमद, वन्दना श्रीवास्तव, स्वाती सिंह, धर्मेन्द्र सिंह एवं शंखधर द्विवेदी जी के द्वारा सुचारू रूप से संचालित किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों के विकासात्मक, शारीरिक एवं मानसिक विकास में वृद्धि पर जोर दिया गया, जिसमें विभिन्न गति विधियों, टी एल एम का प्रस्तुती करण,बाल कविताएँ, कहानियां मुख्य रूप से शामिल रहीं।

# मनरेगा कार्यों की हकीकत जानने गांव में निकली सोशल आडिट टीम

### पीएम आवास के साथ ही मनरेगा कार्यों का हुआ स्थलीय निरीक्षण




मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सोशल आडिट टीम के सदस्य

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के परासिनपुर गांव में शनिवार को शासन के निर्देश पर मनरेगा कार्यों की सोशल आडिट की गई। दो दिवसीय सोशल आडिट के दौरान आडिट टीम गांव के मनरेगा मजदूरों के साथ ही अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर नरेगा की हकीकत जानी। इस दौरान आडिट टीम के सदस्यों ने मनरेगा के अंतर्गत हुए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच भी की। जांच में अभिलेखों के रख रखाव पर आडिट टीम संतुष्ट दिखी साथ ही कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान रोजगार सेवक से कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ली। आडिट टीम की कोआर्डिनेटर सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि सोशल आडिट का मुख्य उद्देश्य मनरेगा में पारदर्शिता लाना है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री आवास, तालाब खुदाई, चकमार्ग, पशुशेड, इंटरलाकिग सहित अन्य कार्यो का सोशल आडिट शासन के निर्देश पर किया जा रहा है। मौके पर ग्राम विकास अधिकारी रेनू गौतम, प्रधानपति सुनील यादव , रोजगार सेवक सुरेश चंद्र सहित सैकड़ों की संख्या में मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।



' सोशल आडिट प्रकिया मनरेगा की महत्वपूर्ण कड़ियों में से एक है। आडिट से कार्यों में जहा पारदर्शिता बनी रहती है वहीं मजदूरों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए भी काम किया जाता है।'

**अनुज सिंह**
**जिला समन्वयक प्रयागराज**

## खबर संक्षेप

### शनि देव धाम में उमड़े भक्त, बांटा गया प्रसाद

**प्रयागराज।** शनिवार को शनि देव धाम शनिदेव मंदिर शिवरतन का पुरवा बिजलीपुर प्रयागराज पर हनुमान चालीसा पाठ सुंदरकांड पाठ हवन यज्ञ आरती भव्य श्रृंगार खिचड़ी सेब केला आदि का महा प्रसाद वितरित किया गया। शनि देव महाराज के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मोनू पंडित , पंडित मनोज तिवारी, संजय तिवारी प्रबंध ट्रस्टी राकेश पांडे ,अजय पांडे ,नीरज पांडे, महेंद्र पांडे, कुलदीप तिवारी ,शिवदीप तिवारी, हर्षित तिवारी, मोहन यादव, राकेश केसरवानी, रामवृक्ष यादव, रमापति यादव, किशन यादव, मनोज यादव प्रधान, हरीश चंद्र केसरवानी, आदि तमाम भक्त मौजूद रहे भक्तों द्वारा शनि देव महाराज के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं कलश यात्रा का आयोजन आज से कुंदौरा धाम में

**धनूपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन कुंदौरा महादेव मंदिर प्रांगण कुंती तपोभूमि के प्रांगण में कुंदौरा महादेव ट्रस्ट द्वारा आज से आयोजित किया गया है।कलश यात्रा 5 दिसंबर रविवार को प्रातः 10 बजे से निकलेगी 6 दिसंबर से महायज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन 16 दिसंबर तक चलेगा एवं महाप्रसाद भंडारा का आयोजन 17 को होगा।यह जानकारी प्रधान कुंदौरा राधिका देवी हरिप्रसाद एवं यज्ञ संयोजक राहुल तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण सेना ने दिया है।

### बच्चा यादव के हत्यारोपी के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त, भेजी गई रिपोर्ट

**प्रयागराज।** जार्जटाउन में ठेकेदार वीरेंद्र उर्फ बच्चा यादव की हत्या के दोनों आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए जाएंगे। शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजे गए एक आरोपी राजेश यादव के तीनों शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। उधर दूसरे आरोपी महेंद्र यादव की तलाश तीसरे दिन भी जारी रही।अतरसुइया निवासी वीरेंद्र की हत्या एक दिसंबर को मेडिकल चौराहे के पास की गई थी। इसमें अशोक नगर निवासी राजेश यादव व सलोरी निवासी महेंद्र यादव नामजद हुए। इनमें से अशोक को जेल भेज दिया गया है और उसके तीनों लाइसेंसी असलहे जार्जटाउन पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं। शनिवार को पुलिस ने उसके पिस्टल, राइफल व डीबीबीएल का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट डीआईजी को भेज दी। डीआईजी केमाध्यम से रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी और फिर वह ही आगे की कार्रवाई करेंगे।

# डीजे की धुन पर नाच रहे बारातियों को डीजे ने कुचला, एक की मौत 3 घायल

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के देवली गांव के रहने वाले लालजी की बेटी शिवकुमारी की शादी शुक्रवार को थी। यहां जौनपुर के समसपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के बेटे सुरेश की बारात आई हुई थी। बारात देवली गांव पहुंची और द्वारचार का कार्यक्रम अभी शुरू भी नहीं हुआ था कि डीजे की धुन पर थिरकते बाराती निकले। इसी बीच डीजे गाड़ी चालक ने अचानक एक्सीलेटर पर तेजी से पैर रखा तो डीजे गाड़ी मौत बनकर बारातियों को रौंदते हुए आगे निकल गई।

इस घटना में अपनी बुआ के पौत्र की शादी में आए फूलपुर के पूरेविक्रमशाह निवासी कृष्णा बिंद (25) पुत्र भानूप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। सरायइनायत थाना क्षेत्र के मकूनपुर छिबैया गांव के रहने वाले बाराती मेल्लूहन (35) पुत्र रामचंद्र एवं सरायममरेज थाना क्षेत्र के समरूआ गांव निवासी सुखराज (30) समेत तीन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बारात में अफरातफरी व भगदड़ मच गई। सभी बाराती अपनी-अपनी गाड़ी लेकर भाग निकले। चालक भी घटना के बाद डीजे छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर फूलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवकों को इलाज के लिए फूलपुर ले जाया गया। जहां से डाक्टरों ने शहर रेफर कर दिया, दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने डीजे चालक के खिलाफ 304-ए के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### सड़क हादसे में मां बेटे की मौत, मचा कोहराम

**फूलपुर।** सड़क हादसे में मां-बेटे समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मचा रहा। फूलपुर के चंदौकी गांव की रहने वाली मीना देवी (35) पत्नी अशोक कुमार पटेल अपने मायके में एक शादी समारोह से अपने भाई के साथ बाइक से घर लौट रही थी। शाम करीब पांच बजे वह जैसे ही फूलपुर सिकंदरा मार्ग पर महावीरन विद्युत केंद्र से अपने घर के तरफ मुड़ी इसी बीच फूलपुर से पतुलकी की तरफ जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला मीना देवी और बेटे धीरेंद्र उर्फ धीरू (16) की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे।

### सड़क हादसे में गल्ला कारोबारी की मौत

**प्रयागराज।** थाना नवाबगंज जलालपुर चाधंन उर्फ पीथीपुर गांव निवासी पार्वती देवी ग्राम प्रधान है?। जिनका देवर संजय कुमार साहू (35) पुत्र वासुदेव साहू घर पर रहकर खेती-किसानी के साथ गल्ला कारोबारी था। शुक्रवार की देर शाम अपने ससुराल नवाबगंज बाजार से घर आ रहा था। बाइक सवार गल्ला कारोबारी जैसे अपने गांव के पास सड़क के मोड़ पर पहुंचा। प्रयागराज सदर के सिविल लाइन टर्मिनल से कुंडा प्रतापगढ़ की ओर जा रही सवारी भरी बस चालक ने बाइक चालक को कुचल दिया। बाइक का परखच्चा उड़ गया। गंभीर रूप से जख्मी गल्ला कारोबारी शहर के स्वरूप रानी अस्पताल भिजवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के पहले मृत घोषित कर दिया। बस का चालक थाना हथिगंवा प्रतापगढ़ के एक गांव में वाहन को खड़ा करके फरार हो गया। पुलिस मृतक परिजन की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक के बड़े भाई राजेश कुमार साहू की विगत आठ वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है। पत्नी बबली गुप्ता बेटा मयंक ,यश व बेटी साक्षी का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी बैक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा निस्तारण उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद के तत्वाधान में दिनांक 11.12.2021 को प्रातः 10.00 बजे से जनपद न्यायालय, इलाहाबाद व समस्त तहसीलो में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी बैक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समजौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट के दिशा निदेशों का पालन करते हुए किया जाएगा। समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अपने अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा लें, जिससे उनके मुकदमो का निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी श्रीमती प्रज्ञा सिंह- द्वितीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद द्वारा प्रदान की गई।

## न्यूज झरोखा

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को मतदाताओं को जागरूक करने को दिखाई हरी झंडी



**प्रयागराज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया तथा मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ' अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पाण्डेय एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह ने शनिवार को कलेक्टेट परिसर से विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया तथा मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए लोगो को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के द्वारा मतदान की प्रक्रिया के बारे में लोगो को जानकारी देगी तथा मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करेंगी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए 280 शिकायती पत्र



**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उउपजिलाधिकारी फूलपुर अम्बरीष कुमार बिंद ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के 280 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार का मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया। अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी फूलपुर अम्बरीष कुमार बिंद ने कहा कि शिकायतकताओं की समस्यायों का निराकरण ससमय और गुणवत्ता पूर्ण हो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### बंधवा रामपुर गांव के समीप अनियंत्रित कार दीवार से टकराई



**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा रामपुर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित कार दीवाल से टकरा गई, कार में तीन सवार लोगों को मामूली चोटें आई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि शादी समारोह से घर वापस लौट रहे कार सवार राजकुमार गुप्ता,बबलू गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता निवासी पांती मेजारोड जैसे ही बधंवा रामपुर गांव के समीप पहुंचे ही थे की कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे दीवाल से जा टकराई। टक्कर में राजकुमार गुप्ता को गंभीर चोटें आई तथा 2 लोगो को मामूली चोटें आई। आनन-फानन में ग्रामीणों को घायलों को हॉस्पिटल भिजवा दिया। कार की टक्कर से उक्त गांव के बब्बू पांडे, सीता शरण तथा सर्वेश पटेल की मैजिक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन करछना के करेहा में सोमवार को, तैयारियों में जुटे भाजपा नेता



**करछना।** क्षेत्र के करेहा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वत्रंत देव सिंह पटेल के आगमन को लेकर क्षेत्र के भाजपाइयों ने हर्ष व्याप्त है।शनिवार को करछना क्षेत्र के कई गांवों में दौरा कर भाजपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान सिंह पटेल ने कई गांवों का दौरा कर लोगों से अधिक से अधिक से संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।उधर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक दीपक पटेल, जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला प्रभारी ओंम केशरी,शोभ नारायण द्विवेदी,पीयूष रंजन निषाद,डॉ.भगवत पाण्डेय सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने तैयारियों का जाएजा लेते हुए कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।साथ ही कई गांवों में जनसंपर्क करते हुए कार्यक्रम में लोगों से पहुंचने की अपील भी की।इस दौरान कार्यक्रम के सह संयोजक राजेश शुक्ला, इं जगदीश सिंह यादव,पुष्पराज पटेल,राम भवन द्विवेदी,विनोद प्रजापति,राम ललक सिंह के अलावा सभी मणअढल अध्यक्ष और कई भाजपाई मौजूद रहे।

# एक नजर अपने कारोबार पर रखो एक नजर लखनऊ और दिल्ली पर रखो

**अखंड भारत संदेश**

## पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने बीजेपी पर साधा निशाना



पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा का स्वागत करते

**मेजारोड।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र मेजारोड़ पटेल गेस्ट हाउस कोहराड रोड प्रयागराज में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा विश्वकर्मा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सपा सरकार के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने समाज के लोगो के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर शिक्षा को महगा करने और निजीकरण पर आरोप लगाया। और साथ ही साथ महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार को उन्होंने नाकाम बताया। सपा सरकार की कोशिश थी की गांव के गरीब बच्चे को भी उच्च शिक्षा मिल सके। इसी को देखते हुए फीस का स्ट्रेक्चर बनाया गया था। पूर्व मंत्री राम आसरे ने कहा कि लाक डाउन किसी भी व्यक्ति से छुपी नहीं हैं।भाजपा सरकार में जनता कितनी पीड़ित हुई थी ये सब लोग जानते हैं। पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कीमत लगातार बढ़ रही हैं। पूर्व मंत्री ने कहा की पूरे प्रदेश में किसानों,नौजवानों और गरीबों का लगातार उत्पीड़न हो रहा हैं।अपराध और हत्याएं लगातार हो रहा हैं। बहन बेटियां सुरक्षित नही हैं। बहन बेटियां की बलात्कार की घटना प्रति दिन लगातार बढ़ता जा रहा हैं। पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा की विश्वकर्मा समाज का सम्मान देने का काम सपा सरकार में हवा था। मुलायम सिंह यादव के सरकार ने मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया था। और अखिलेश सिंह यादव के मुख्यमंत्री काल में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का चेयरमैन बनाकर सम्मान व भागीदारी दिया गया था। विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्रीअखिलेश सिंह यादव के सरकार में हुई थी।जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। संदीप पटेल महासचिव समाजवादी पार्टी प्रयागराज ने कहा की दो करोड़ रोजगार देने दावा बीजेपी सरकार का फ्लाफ रहा। अब जनता झूठे वादे से ऊब चुकी है। भाजपा सरकार जनता से जो वादे किए गए उनको नही निभाया और नौजवानों , गरीबों , पिछड़ों और दलितों को धोका दिया। नगर पंचायत सिरसा चेयरमैन श्याम कृष्णा सिंह (पप्पू यादव) अध्यक्ष विधानसभा मेजा ने कहा की भाजपा सरकार धोखेबाज पार्टी हैं, ये गुमराह करके केवल वोट लेना जानती है। लेकिन विकास का कोई कार्य करना नही चाहती हैं। संदीप विश्वकर्मा प्रदेश सचिव ने कहा की भाजपा सरकार के रवैये से जनता इनकी हकीकत जान चुकी हैं। अब जनता इनकी झांसे में आने वाली नही हैं। विश्वकर्मा समाज के लोग एकजुट होकर इनको सबक सिखाना हैं। विनोद विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी ने कहा की समाज के उत्थान और विकास के लिए समाजवादी पार्टी का साथ दे।जिससे जन विरोधी नीतियों से प्रेरित इस भाजपा पार्टी को सबक सिखाया जाय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष, अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रबंधक, विशाल पटेल, मृत्युंजय यादव, रमाकांत विश्वकर्मा शिव शंकर विश्वकर्मा, जिलेदार विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, पंचू लाल निषाद जयनारायण विश्वकर्मा, राम शिरोमणि विश्वकर्मा (नानहक) प्रधान प्रतिनिधि, पंकज विश्वकर्मा, अर्जुन शर्मा,शिव प्रसाद विश्वकर्मा ,कमलेश विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा समाज सेवी, अनिल यादव आमोद यादव सेक्टर प्रभारी, जयशंकर भारतीय जिला पंचायत सदस्य,फतेह बहादुर यादव,एडवोकेट दिवाकर सिंह यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे कार्यक्रम में आए हुए लोगों को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष यमुनापार राम निरंजन विश्वकर्मा आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करते हैं बच्चे : विपेन्द्र सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते प्रमुख फूलपुर।

**सहसों।** बच्चे देश व समाज के गौरव हैं। यही बच्चे आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने गांव- समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करते हैं तथा अपने भविष्य उज्जवल करते हैं। उक्त बातें सीताराम सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज बाबूगंज में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख फूलपुर वीपेंद्र सिंह पटेल ने कही। उन्होंने कहा बच्चे शिक्षकों से सीखकर आगे बढ़ें जो कि भविष्य में नवीनतम ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए काम आएगा। मौके पर उपस्थित भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने कौशल व क्षमता के बल पर आगे बढ़े। यही देश के भविष्य हैं। अध्यक्षता कर रहे पूर्व चेयरमैन अमरनाथ यादव ने कहा वर्तमान समय में बालिकाएं सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही हैं। बालिकाओं के साथ बालक भी अपनी प्रगति व उन्नति के लिए कठिन परिश्रम करें। कालेज के प्रबंधक वंश बहादुर सिंह ने मेहनत से शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी। ग्राम प्रधान कमलेश यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुदीप शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे बच्चों ने देशभक्ति गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। ब्लाक प्रमुख ने इस मौके पर विद्यालय परिसर में पेयजल, इंटरलॉकिंग तथा हरे-भरे परिसर बनाने के लिए पौधरोपण कराने की घोषणा की। इस मौके पर शिक्षक अरुण सिंह, जगदीश सिंह, रवि यादव ,अनिल कुमार सिंह, सुनील कुमार दुबे, विजय कुमार सिंह, महेंद्र चौरसिया ,चंद्रसेन सिंह, वेद प्रकाश भगत सहित भारी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## बीएसपी का अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस का आयोजन कल



**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर का 66वाँ परिनिर्वाण दिवस 06 दिसम्बर सोमवार को अलोपीबाग (चुंगी) स्थित सरदार पटेल सेवा संस्थान के परिसर में सुबह 11 बजे से मनाया जाएगा। बसपा जिला कमेटी ने जनपद के सभी बसपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं व समर्थकों से कार्यक्रम में समय से पहुँच कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। बसपा जिला कमेटी की सूचनानुसार उक्त अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता व मुख्य सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

# गलत जानकारी देने पर पूर्व डिप्टी एसपी और इंस्पेक्टर पर मुकदमा दर्ज करने का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज के पूर्व सीओ और शिवकुटी के पूर्व इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह समेत चार पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर शिवकुटी थाने में यह केस दर्ज हुआ। सूचना के अधिकार के तहत दिए गए आवेदन पर गलत जानकारी देने, विवेचना में लापरवाही व विधि सम्मत आदेश का अनुपालन न करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है,मामला मई 2018 में हुई घटना से संबंधित है। सरायइनायत निवासी महिला का आरोप है कि गोविंदपुर स्थित अपने दुकान का किराया मांगने जाने पर किरायेदार ने उससे अभद्रता और मारपीट की। शिकायत पर भी शिवकुटी के तत्कालीन इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह ने रिपोर्ट नहीं लिखी। बाद में न्यायालय में गुहार लगाने पर मुकदमा तो दर्ज किया लेकिन धाराओं में खेल कर दिया। यही नहीं विवेचक ने उसका बयान भी नहीं दर्ज किया। इसके अलावा विवेचना ट्रांसफर किए जाने के तत्कालीन एसएसपी के आदेश के बावजूद विवेचना शिवकुटी थाने के विवेचक की ओर से जारी रखी गई और जनसूचना के तहत दिए गए आवेदन पर मामले में एफआर लगाने की गलत जानकारी प्रदान की गई। पीड़िता की ओर से कोर्ट में दिए गए प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए डीआईजी को आदेशित किया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जाए। इसके बाद शिवकुटी थाने में तत्कालीन प्रभारी पंकज कुमार सिंह, तत्कालीन विवेचक, तत्कालीन सीओ कर्नलगंज और तत्कालीन सहायक जनसूचना कार्यालय, सीओ चतुर्थ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# प्राइवेट बिद्यालयों की भरमार किसी के पास नहीं है जुनियर का रजिस्ट्रेशन

**अखंड भारत संदेश**

**अभिवावकों को नही बताया जाता है अंक पत्र मिलने के बाद होता हैं खुलासा**

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अन्तर्गत लेडियारी बाजार में दर्जनों बिद्यालय चल रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है एक से आठवीं तक का बोड लगा कर प्रबंधक के सहयोग से बिद्यालय चल रहे हैं।आप को बताते चलें कि बच्चों का पठन पाठन लेडियारी में किया जा रहा है लेकिन नांमाकन कही अदर विद्यालयों में छह सात आठ में नाम अंकित रहता है लेकिन एडमिशन लेने वक़्त न तो बच्चों के गार्जियन को नहीं बताया जाता है।यह कहते हैं हमारे यहां पठन पाठन योग्य टिचरो के द्वारा निर्मित किया जाता है लेकिन अभिवावक बिस्वास करते हुए फीस जमा कर घर चला जाता है।जब बाहर ऐडमिशन करानें के समय अपने बच्चों की टीसी कटवाने जाता है तब रजिस्टर खोल कर बताते हैं आप हमारे यहा अपने बच्चे की पुरी फिस नहीं जमा किये है जो हमारा बकाया राशि है जमा करिऐ तब आप को में टीसी कटवाने के लिए अदर विद्यालयों में बात कर बनवा सकता हूं। मजबूर होकर अभिभावक मनमाने रूप से रुपया जमा कर देता है और बाहर एडमिशन कराने हेतु टीसी हफ्ते बाद प्राप्त कर लेता है विद्यालयों में राजरानी देवी इंग्लिश मीडियम, महर्षि ऐकेडमी जूनियर हाई स्कूल जिनका प्राथमिक विद्यालय कोड 09451011708 क्षेत्रीय लोगों ने इसी तरह दर्जनों विद्यालयों को जांच कराकर एफ आई आर दर्ज करवाने की मांग जिलाअधिकारी से की जा रही है।



## डीएपी के लिए किसान अभी भी लगा रहे हैं लाइन

### बुवाई के अंतिम दौर में मौसम को देखते हुए खेतों में जुटे किसान

**सहसों।** किसान दिसंबर लगते ही मौसम के बदलाव के चलते किसान खेत की बुवाई में जुट गए हैं। इस समय किसानों की गेहूं की बुवाई अंतिम दौर में है। जिसके लिए किसान अब भी सहकारी समितियों में सुबह से ही डीएपी खाद के लिए लाइन लगाए हुए हैं। साधन सहकारी समिति उमरीमय टटिहरा में सोमवार को खाद पहुची। किसानो को जानकारी होते ही मंगलवार की सुबह विभिन्न डीएपी के लिए लाइन लगा ली। समिति के सचिव कमलेश मिश्र ने बताया कि 360 बोरी डीएपी है। जो आसपास के किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में हो जाएगी। उन्होने बताया लाइन में खड़े किसानों को टोकन दे दिया गया है। बारी-बारी से सभी किसानों को पास मशीन पर अंगूठा लगाकर आवश्यकतानुसार एक या दो बोरी डीएपी आसानी से दी जा रही है।

### जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई आठ दिसम्बर को

**प्रयागराज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि श्रीमती अनीता सचान, सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा दिनॉक 08.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई कार्यक्रम सर्किट हाउस, प्रयागराज के मीटिंग हाल में आयोजित किया गया है। शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलाये जाने, योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथा सम्भव पंजीकरण भी कराये जायेंगे। उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराये जाने के संबंध में आवश्यक प्रचार-प्रसार कराने के साथ ही जनपद में उ0प्र0 बाल सेवा योजना से लाभान्वित परिवारों/बालिकाओं के संबंध में नियत तिथि पर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# आपका साथ मेरा प्रयास तब होगा प्रतापपुर का चहुंमुखी विकास : कैप्टन करन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापपुर।** भाजपा-अपना दल गठबंधन के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से 2017 में प्रत्याशी रहे कैप्टन करन सिंह लगातार प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में जाकर लोगो का आशीर्वाद ले रहे है।इसी क्रम में नेदुला, रस्तीपुर, सरजूपट्टी, खखैचा, सोरों, बजती, जलालपुर, उग्रसेनपुर, प्रतापपुर गाँव मे लोगों से जनसंपर्क किया और कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है क्षेत्र की सेवा करना मेरा नैतिक अधिकार है।आप लोगो का साथ मेरा प्रयास मिलकर प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का चहूँमुखी विकास करेंगे ग्रामीणों ने कैप्टन करन सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस दौरान लोगो को संबोधित करते हुए कहा जिसको आप लोगो ने विधायक चुना वो कभी लोगो के बीच मे आते ही नही उनका क्षेत्र के विकास और आपके सुख-दुख से कोई सरोकार नही है आप सभी एकजुट हो जाए बहन अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करें उन्होंने आगे कहा जो गलती अगली बार हुई थी उसे इस बार दुहराना नही है ऐसे स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोगो को प्रतापपुर से खदेड़ना है।इस अवसर पर रस्तीपुर ग्राम सभा मे जनसम्पर्क के दौरान सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुनाल सिंह, भगेलूराम पटेल, राजितराम सरोज, प्रधान रस्तीपुर, डॉ विजय शंकर शुक्ला, सतीश त्रिपाठी प्रधानाचार्य, मुन्ना सिंह कुणाल चतुर्वेदी, राजकपूर सरोज, अर्जुन सिंह, सलमान हाशमी, हिमांशु त्रिपाठी, प्रकाश सिंह, भाईलाल बिंद, अठई राम यादव सहित तमाम लोग मौजूद।

# भदोहीरूरतमंद बच्चों को मिला उपहार छाई मुस्कान

## बीबीएफजी के कार्यक्रम में अधीक्षक रीना प्रसाद ने बांटे स्वेटर, जूते, और स्टेशनरी

### बच्चों की शिक्षा में नहीं रहेगी कोई कमी : सीएमएस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी कैम्प में मेडिकल कालेज महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रीना प्रसाद ने जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते और स्टेशनरी का वितरण किया। शनिवार को आदर्श नगर डेंटल केयर सेंटर पर आयोजित उपहार वितरण में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची अधीक्षक डॉक्टर रीना प्रसाद बच्चों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की शिक्षा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। शिक्षा बहुत जरूरी है। वे स्वयं बच्चों की पढ़ाई में मदद करेंगी। इस मौके पर उन्होंने ग्रुप के 25 बच्चों को स्वेटर, जूते, पेन, कॉपी इत्यादि उपहार स्वरूप दिया। ग्रुप की तरफ से डॉक्टर अनुराग मिश्रा और अश्वनी केसरवानी ने सीएमएस को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। अश्वनी ने ग्रुप के द्वारा गरीब बच्चों की शिक्षा में की जा रही मदद के बारे में विस्तार से बताया। ग्रुप की छात्रा पायल और नैंसी ने बुके देकर सीएमएस का स्वागत किया। हिमांशु, साहिल, दीपक, जयप्रकाश, लवकुश, अंजू समेत सभी बच्चे उपहार पाकर खुश नजर आये। कार्यक्रम का संचालन ग्रुप के टीचर शनि सरोज ने किया। फाउंडर राजेश कुमार ने आभार ज्ञापित किया।



सीएमएस रीना प्रसाद को स्मृति चिन्ह देते अश्विनी केसरवानी

### क्रय केंद्रों तक नहीं पहुंच रहे हैं किसानो के धान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी के एक दर्जन से अधिक क्रय केंद्र होने के बावजूद भी किसान क्रय केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे और बिचौलिए मुनाफा अवैध तरीके से कमा रहे हैं जिसको लेकर प्रशासन बहुत सुस्त दिखाई दे रहा है। वही किसान औने पौने दाम में अपना धान बेचने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बिचौलिए दलाल बन कर पूरी तरीके से सक्रिय हैं पट्टी क्षेत्र के आसपुर देवसरा पट्टी बाबा बेलखरनाथ धाम और मंगरोला ब्लॉक में कई धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं लेकिन उसमें कागजी कोरम पूरा न कर पाने के कारण किसान वहां तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और बिचौलिए किसानों का धान कम दामों में खरीदकर राइस मिल तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

# अज्ञात महिला की हत्या कर बाग मे फेंका शव, हडकंप

## एएसपी व सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खुलासे का दिया अल्टीमेटम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात हत्यारो ने महिला को धारदार हथियार से बेरहमी के साथ कत्ल कर उसका शव सूनसान बाग मे फेंक दिया। घटना से शनिवार को सांगीपुर इलाके मे जहां हडकंप दिखा। वहीं महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाने मे पुलिस भी पसीने से तर बतर दिखी।

सांगीपुर थाना के बासूपुर गांव मे अज्ञात महिला का धारदार हथियार से क्षत विक्षत शव बरामद होने से शनिवार को हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची किंतु प्रयास के बावजूद शव की पहचान नही हो सकी। इधर धारदार हथियार से अज्ञात महिला की हत्या की जानकारी होने पर जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र तथा सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। एएसपी ने सांगीपुर एसओ जीतेन्द्र सिंह को घटना के शीघ्र खुलासा कराये जाने को लेकर कडे निर्देश दिये है।

सांगीपुर थाना के बासूपुर गांव मे शनिवार की सुबह बाग मे एक महिला का शव देख ग्रामीण चीख पड़े। ग्रामीणों की चीख पर मौके पर बडी संख्या मे भीड़ इकटठा हो गयी। महिला के शरीर पर धारदार हथियार से कई घाव देख पुलिस भी सकते मे आ गई। वहीं मौके पर महिला का एक रेडीमेड आभूषण व मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। काफी देर तक प्रयास के बावजूद भी मृतका के शव की पहचान नही हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सीओ ने आशंका जताई है कि महिला की बीती रात हत्या कर शव को बाग मे फेंका गया है। उन्होनें बताया कि सर्विलांस की मदद से पुलिस घटना का खुलासा शीघ्र करेगी। वहीं गांव मे धारदार हथियार से क्षत विक्षत महिला का शव मिलने से लोगों मे दहशत का माहौल देखा गया। मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं को तो सुबकते भी देखा गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुई शैक्षिक संगोष्ठी

## भारत माता पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव आयोजन समिति द्वारा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शैक्षिक संगोष्ठी और भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्र भक्ति पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अनेकों वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हम सभी को उनके प्रति श्रद्धावनत होकर इस अमृत महोत्सव में ज्ञात अज्ञात वीरों का स्मरण कर भारत को परम वैभव तक के शिखर तक पहुंचाने में अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा ने कहा कि यह देश वीरों का देश है। अनेक आक्रांता आए किंतु भारत ने कभी भी पराधीनता स्वीकार नहीं की। जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय ने कहा कि भारत कभी भी पूर्ण रूप से परतंत्र नहीं रहा है। हमने लगातार विदेशी आक्रांताओं का प्रतिरोध किया है। अंत में भारत माता की भावपूर्ण आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम का संयोजन संजीव कुमार आहूजा और संचालन शिशिर खरे ने किया। इस अवसर पर प्रभाशंकर पाण्डेय, डॉ आर के सिंह, धीरेंद्र नारायण चड्ढा, अश्विनी केशरवानी आदि लोग मौजूद रहे।


भारत माता की पूजन अर्चन करते अतिथिगण

### समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने किया हंगामा

**प्रतापगढ़।** कुण्डा में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता से अभद्रता पर तहसील सभागार में डीएम और एसपी के सामने हंगामा हुआ। इस दौरान अधिवक्ता को तहसील सभागार से बाहर निकाल दिया गया जिस पर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया और उन्होंने हंगामा किया। सूत्रों के अनुसार हंगामे के बाद गेट से लेखपाल हटाए गए और डीएम के समझाने पर अधिवक्ता शांत हुए।

## इंटर कालेजों में मतदाता जागरूकता की दिलायी गयी शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ एवं जिला सूचना अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप विजय कुमार द्वारा संत अन्थोनी इण्टर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज में मतदाता जागरूकता सम्बन्धी मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें जैनब रूखसाना, सानिया आदि द्वारा मतदाता जागरूकता के लिये रंगोली बनाया गया जिसकी उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है या हो चुकी है वे फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करायें तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि को 05 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

# बालक के समरस विकास के लिये सांस्कृतिक विकास जरुरी : बृजभानु

## पीबीपीजी कालेज में आयोजित हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के प्रांगण में स्पिक मैके के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी सुरभनाथ कालबेरिया एवं जनजाति राजस्थान जोधपुर के सुरभनाथ मनजोर महबूब खान, साबिर खान और कासम खान ने लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान कालबेरिया समूह द्वारा राजस्थानी प्रसिद्ध गीत निमुड़ा निमुड़ा का गायन एवं नृत्य कर राजस्थानी संस्कृति की कला बिखेरी। कार्यक्रम का संयोजन कर रही शिवानी मातनहेलिया ने बताया कि यह स्पिक मैके एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है जो भारतीय संस्कृति का पोषण करती है। इस दौरान उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्द्धन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह ने कहा कि बालक के समरस विकास के लिये पाठ्य सहगामी क्रियाओं के माध्यम से उनका सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास किया जा सकता है। महाविद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित कर छात्रों के विकास के लिये कटिबद्ध है। इस मौके पर श्रद्धा सिंह, नीरज, डा0 उपेन्द्र कुमार सिंह, डा0 राजीव कुमार सिंह, डा0 रामराज, डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 भावना सिंह, डा0 देवेश सिंह, डा0 नीरज त्रिपाठी, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 भूपाल सिंह, संदीप कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

# समितियों के सचिवों को प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

## जिला सहकारी बैंक की सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सहकारी बैंक की सामान्य निकाय की बैठक प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह बाले की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोआपरेटिव बैंक लखनऊ के मुख्य महाप्रबंधक एनके सिंह मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने बैंक की कार्य प्रगति प्रस्तुत की।

बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिप्रकाश सिंह द्वारा बैंक के क्रियाकलापों एवं एजेंडा द्वारा प्रत्येक एजेण्डा पढ़ते हुए बजट वर्ष 2021-22 के अनुमोदन भी प्राप्त किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले समितियों के सचिवों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में कुल 9 एटीएम विभिन्न शाखाओं पर स्थापित है तथा मोबाइल एटीएम वैन से ग्राहकों को सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले में कुछ समितियों के माध्यम से माइक्रो एटीएम का प्रयोग कर विद्युत बिल जमा कराया जा रहा है। कोआपरेटिव के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अरविन्द प्रकाश द्वारा सहकारिता पर प्रकाश डाला गया। बैठक में राजेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह ने भी अपने विचार रखे।



सामान्य निकाय की बैठक में बोलते अतिथि

### विधवा भाभी पर देवर ने बोला हमला

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत करने के लिए एक देवर ने अपनी विधवा भाभी पर हमला बोल दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई पीड़ित विधवा ने मामले में कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर गांव की रहने वाली जेबुन्निसा पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है उसकी जमीन पर उसका देवर अवैध रूप से कब्जा करना चाह रहा है। मना करने पर वह उसे शुक्रवार को मारा पीटा। पीड़ित महिलाएं आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# इनामिया बदमाश दबोचने मे लालगंज कोतवाली को मिली कामयाबी

## एसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने का किया ऐलान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पचीस हजार के इनामिया बदमाश को धर दबोचते हुए शिक्षिका के साथ चेन छिनैती तथा बेलहा मे पेट्रोल पम्प पर हुई लूट एवं कस्बा रानीगंज कैथौला मे रंगदारी वसूलने की घटनाओ का खुलासा करने मे बडी कामयाबी हासिल की है।

जिले मे एसपी सतपाल अंतिल तथा एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र के निर्देशन मे प्रतापगढ़ पुलिस को मिली इस बड़ी कामयाबी पर लोगों मे भी शनिवार को राहत देखी गयी। पुलिस ने इन घटनाओ को अंजाम देने वाले पचीस हजार के इनामिया बदमाश बछवल कोतवाली लालगंज के विपुल सिंह उर्फ शुभम सिंह पुत्र प्रताप बहादुर सिंह व पडोसी जिले रायबरेली के डीह थाना के परशदेपुर निवासी आशीष पाण्डेय उर्फ लल्लू पाण्डेय पुत्र रामनरेश को हिरासत मे लेने मे सफलता ली है। आरोपियो के पास से दो तमंचा व चार कारतूस तथा आरोपी विपुल सिंह से छः हजार दो सौ साठ एवं आरोपी आशीष पाण्डेय से अटठाईस सौ रुपए नकद भी बरामद किया है। घटनाओं के खुलासे की जानकारी मीडिया को देते हुए सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि आरोपी विपुल सिंह को पुलिस ने शनिवार की सुबह रायपुर तियांई तिराहे तथा दूसरे आरोपी आशीष पाण्डेय को रायबरेली के डीह थाना के परशदेपुर से हिरासत मे लिया गया। पूछताछ मे आरोपियो ने अपना आरोप स्वीकार करते हुए घटनाओं मे शामिल होने की बात कही। एसपी ने टीम के नेतृत्वकर्ता थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पाल तथा रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज विनीत कुमार उपाध्याय एवं एसआई मो. असलम व एसआई अनीस कुमार यादव समेत पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने का भी ऐलान किया है।

# बाल विवाह कुप्रथा को खत्म करने के लिये शिक्षा का बूस्टर डोज जरुरी

## महिला हिंसा के विरूद्ध अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत बाल विवाह निषेध व मर्जी बिना शादी नहीं पर चाइल्डलाइन, आक्सफाम इण्डिया व तरूण चेतना के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं व किशोरियों के साथ प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में फिल्म स्क्रीनिंग व परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्र ओं ने खुलकर अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करने के लिये शिक्षा का बूस्टर डोज लेना जरूरी है, शिक्षा के बल पर ही हमारी बेटियां हर मुश्किल का सामना कर सकती है। इस अवसर पर विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी कल्पना गौतम ने चाइल्ड लाइन के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि जहां भी बाल विवाह की सूचना मिले तुरन्त चाइल्डलाइन-1098 पर काल करें। इस अवसर पर ह्यूमन टैफिकिंग यूनिट के प्रभारी सुरेश मिश्रा ने कहा कि लड़कों की तरह लड़कियों को भी खूब पढ़ाना चाहिये ताकि वे अपने साथ होने वाले भेदभाव और हिंसा का हिसाब ले सके। कार्यक्रम के प्रारम्भ में तरूण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि अच्छी शिक्षा, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता से बाल विवाह रूक सकता है। बाल विवाह रोकने के लिये बालिकाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना जरूरी है।

इसी क्रम में नितिन ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही गरीबों की बेटियां अमीरों की बेटियों की तरह आगे बढ़ सकती है। कार्यक्रम के संयोजक व प्राचार्य डा0 बृजभान सिंह ने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाना आज के समय की जरूरत है। हम पुरूषों को चाहिये कि लड़कियों के सुरक्षा व सम्मान के लिये आगे आये और लिंग भेद की समाप्ति करें। इस अवसर पर महिला कल्याण अधिकारी जया यादव, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला, शिक्षा संकाय के प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह व अधिवक्ता दीपेन्द्र मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्ति किये। कार्यक्रम के अन्त में दीक्षा पाण्डेय, प्राची जायसवाल, भावना यादव और शुभम रावत को जेण्डर चैपियन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चोरों ने जेवरात व नकदी उडाये, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के अमावां चौराहे पर बदमाशो ने दरवाजे की कुण्डी तोडकर चोरी की वारदात अंजाम दी है। कोतवाली के अमावां चौराहा निवासी पारस नाथ सोनी पुत्र शिवबालक ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार की रात अज्ञात बदमाशो ने उसके दरवाजे की कुंडी तोडकर घर मे घुस गये। बदमाशो ने घर मे रखे सत्रह-अठारह हजार रुपए नकद व महिलाओ के सोने चांदी के जेवरात व एक लैपटॉप चोरी कर लिया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर मिली है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मोदी सरकार की फ्री राशन योजना महज चुनावी लॉलीपाप : प्रमोद तिवारी

## कृत्रिम संकट को लेकर मुनाफाखोरी को सरकारी संरक्षण का कसा तंज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड कोआर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर किसान हितो की पूरी तरह लगातार अनदेखी को अफसोसजनक करार दिया है।

वहीं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने छोटे एवं मझले किसानो को इस समय धान क्रय केन्द्रों पर सर्द भरी रात तक में धान की फसल न बिकने पर हो रही कठिनाईयो को भी सरकारी कुप्रबंधन का ज्वलंत उदाहरण कहा है। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू प्रमोद तिवारी ने खाद तथा बीज की भी सरकारी क्षेत्र मे कालाबाजारी व मिलावटखोरी को भी पूंजीपतियों के लिए मुनाफाखोरी के लिए सरकार पर आंख बंद करने को लेकर तगड़ा तंज कसा। उन्होनें कहा कि सरकार खाद का कृत्रिम संकट उत्पन्न करने वाले जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई से भी सिर्फ चंद पूंजीपतियों की तिजोरी भरे जाने के लिए ही कतरा रही है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की फ्री राशन योजना भी महज चुनावी लॉलीपाप के अलावा कुछ भी नही है। श्री तिवारी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की लगातार मांग के बावजूद मोदी सरकार घोषणा न कर किसानों की फसल बिक्री तथा उपज को लेकर खेती व किसानी के बुनियादी मुददो से मुंह चुरा रही है। उन्होनें कहा कि देश मे लगभग सत्तर फीसदी किसानो के पास एक हेक्टेयर से कम कृषि योग्य भूमि है। इसके बावजूद सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग को न्यूनतम समर्थन मूल्य के जरिए संवैधानिक दर्जा देने से परहेज कर रही है।


सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी

## खबर संक्षेप

### लावारिस बुजुर्ग को वृद्धाश्रम ने दिया सहारा

**कौशाम्बी।** वृद्ध आश्रम ओसा के संचालक आलोक राय जब किसी कार्य से ओसा से मंझनपुर की तरफ जा रहे थे तो रास्ते में रोड के किनारे एक बुजुर्ग सड़क किनारे लेटा हुआ उन्हें मिला उससे आलोक रॉय ने उससे बातचीत की जिस पर पता चला कि बहुत दिनों से ऐसे ही वह बृद्ध रोड के किनारे मांग मांग के खाना खा कर सो जाता है जिसपर आलोक रॉय ने बेसहारा बुजुर्ग को वृद्धाश्रम में ले जाकर आवासीत करवाया।

### मोबाइल व नगदी उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा के पास ट्रक खड़ी कर ड्राइवर असलम ट्रक के अंदर सो रहा था कुछ अज्ञात लोगों ने ट्रक के शीशे को तोड़कर अंदर से मोबाइल और पांच हजार रुपए गायब कर दिए हैं मोबाइल व पांच हजार रुपए की चोरी की शिकायत करने पहुँचे ड्राइबर को दीवान ने कोतवाली से भगा दिया है।

# 91 शिकायतों में 9 का मौके पर निस्तारण

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम एवं एसपी ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तहसील दिवस में शिकायतकर्ता अशफीर्लाल अशोक कुमार, महेन्द्र कुमार एवं फूलचन्द्र आदि ने प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत रसूलपुर सोनी में पुष्पा देवी के समरसेबुल से दशरथ मौर्य के खेत तक रोड न बने होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार प्रार्थिनी शान्ती देवी पत्नी अवधेश निवासी ग्राम-शरीफपुर द्वारा उनकी पट्टे की भूमि पर कब्जा न मिलने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रार्थी भोला सिंह द्वारा शिकायत की गयी कि उनके खेत को जाने वाले चकमार्ग पर कुछ कास्तकारों द्वारा जबरन कब्जा कर उस पर खेती की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रार्थिनी पूजा देवी पत्नी स्व0 शंकर लाल निवासिनी ग्राम-भैला मकदूमपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी पति की मृत्यु 18 जनवरी 2021 को हो गयी थी, प्रार्थिनी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ हेतु आवेदन किया था जो अभी तक पेन्डिग है, जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।



समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनते डीएम एसपी

# नगर पंचायत चरवा में 30% से विकास कार्य और 70% कमीशन खोरी में हो रहा खर्च

अखंड भारत संदेश

**शिकायतों के बाद भी नहीं खाली हो सकी अवरुद्ध की गई सरकारी नाली**

**नेताओं अधिकारियों की जी हुजूरी में लगे अधिशाषी अधिकारी जनता कर रही त्राहि त्राहि**

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी नगर का विकास करने के बजाय नेताओं की जी हुजूरी में लगे हैं जिससे नगर क्षेत्र की जनता परेशान हैं सरकार से मिलने वाले विकास कार्य के बजट पर अधिशाषी अधिकारी की गंदी नजर लग गई है और नगर पंचायत के विकास कार्यों की सरकारी रकम कमीशन खोरी की भेंट चढ़ चुकी है नगर पंचायत चरवा में 70% कमीशन खोरी में बटवारा हो रहा है और 30% से विकास योजनाएं संचालित की जा रही है अन्य विभागों द्वारा जो विकास कार्य कराए गए हैं उस पर बाधक बन कर नगर पंचायत द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है जिससे ग्रामीण नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी के कारनामे से त्रस्त है बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान भी नहीं हो रहा है और क्षेत्र की जनता को परेशान करने वाले अधिशासी अधिकारी चरवा और उनके कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे नगर पंचायत चरवा के अधिकारी कर्मचारी बेलगाम है। चायल तहसील के नगर पंचायत चरवा के अधिषासी अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही से क्षेत्र की जनता परेशान है नगर पंचायत चरवा क्षेत्र के मोहल्ला सिरसी मे लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क और नाली का निर्माण कराया गया था विजय कृष्ण त्रिपाठी पुत्र राजाराम त्रिपाठी सिरसी के घर के समीप पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई नई नाली व रोड पर गांव के कल्लू द्वारा जबरदस्ती दबंगई से नाली को अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे गन्दे पानी का बहाव ना होने की वजह से अत्यधिक दुर्गंध व मच्छरो की वजह से नगर के लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वही मलेरिया व डेंगू जैसी गम्भीर बीमारियों को देखते हुए मच्छर व गंदगी की वजह से नगर के दर्जनों परिवार के लोगो को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा को इलाके के लोगों ने दो बार प्रार्थना पत्र दिया लेकर नाली पर अवरोध करने वालों पर कार्यवाही कर नाली को सुचारू रूप से चालू नहीं कराया जा सका है इस तरह के तमाम मामले हैं जिनका समाधान नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे इलाके की जनता परेशान है विकास कार्यों के नाम पर धांधली करने वाले नगर पंचायत के जिम्मेदारों के कारनामे पर आला अधिकारियों ने जांच कराई तो नगर पंचायत चरवा में बड़ा घोटाला उजागर होना तय है।

# अव्यवस्था देख केंद्र प्रभारी को कमिश्नर ने व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश

## मनौरी धान क्रय केंद्र पर प्रयागराज कमिश्नर के औचक निरीक्षण में मिली तमाम खामियां

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** धान खरीद केंद्र में तमाम अव्यवस्था की शिकायत पर आयुक्त प्रयागराज मंडल अचानक धान खरीद केंद्र मनौरी पहुंच गए हैं धान खरीद केंद्र में आयुक्त के पहुंचते ही वहां अफरातफरी मच गई है जहां निरीक्षण के दौरान उन्हें तमाम खामियां मिली है तमाम किसानों ने धान खरीद केंद्र में अवैध वसूली कराने धान खरीद में परेशान करने का आरोप केंद्र प्रभारी पर लगाया है केंद्र पर मौजूद किसानों ने बताया कि यहां बिचौलियों और व्यापारी हॉबी है जिस पर आयुक्त ने केंद्र प्रभारी को जमकर फटकार लगाई है मनौरी धान क्रय केंद्र पर शनिवार को पहुँचे प्रयागराज कमिश्नर ने सीधा किसानों से बात कर केंद्र की स्थितियों की जानकारी लिया है ,केंद्र तक पहुचने का रास्ता बहुत सकरा है जिससे किसानों को माल लाने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ,कमिश्नर के आगमन की खबर मिलते ही केंद्र पर बैठे दलाल गिरते पड़ते भागते देखे गए।



धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते आयुक्त प्रयागराज मंडल

# विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी जनसत्ता दल : माजिद

**भरवारी कौशांबी।** आगामी विधान सभा चुनाव 2022 में 100 विधानसभा सीटों पर जनसत्ता दल पार्टी प्रत्याशी को विधानसभा में टिकट देगी जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कबीना मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के निर्देश पर उक्त बातें जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष माजिद अली ने कही है उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल के प्रत्याशी दमखम के साथ विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज कराएंगे कौशांबी जनपद के सिराथू मंझनपुर और चायल विधानसभा के बारे में उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभा सीट पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष माजिद अली ने कहा कि कौशांबी की तीनों सीटों पर प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दर्ज कराई जाएगी।



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**युवक की मौत के बाद टीम के साथ डीजे संचालक के फरार होने से उठ रहे हैं कई सवाल**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी टोल प्लाजा के पास एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी घटना बीती रात की है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के दर्जिन का पुरवा निवासी अनिल कुमार उम्र लागभग 18 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद शादी विवाह में डीजे बजाने का काम करता था बीती शाम वह शादी कार्यक्रम में डीजे संचालक और उसकी टीम के साथ डीजे बजाने भरवारी गया था अज्ञात वजह से उसका शव सिहोरी टोल प्लाजा के पास छिन्न भिन्न अवस्था मे मिला है लोगों के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत हुई है सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी है थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है हादसे में युवक की मौत के मामले में एक बड़ा सवाल छोड़ गया है कि जिस दीजिए संचालक के साथ वह गया था वह मौत के बाद युवक को छोड़कर क्यों फरार हो गए हैं पुलिस ने यदि इस मामले में सोच में जांच कराई तो मौत के कारणों से पर्दा उठ सकता है।

## न्यूज झरोखा

### रिमांड लेकर पुलिस ने अभियुक्त से बरामद किया तमंचा

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने भतीजे पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को अदालत से रिमांड पर लेने के बाद कारागार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में बाहर लेकर आई और अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा बरामद किया है थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक बीरेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा एक अदद तमंचा 315 बोर जिला कारागार में निरुद्ध बन्दी श्रीनाथ मौर्या पुत्र नत्थू मौर्या निवासी ईशी का पुरवा चक पूरे युसुफ थाना कडाघाम की निशान देही पर तमचा बरामद कर बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी बताते चलें कि दरियापुर जीता निवासी श्री नाथ पुत्र नाथूलाल ने 9 नवंबर को अपने भतीजे श्याम बाबू उदल पुत्तू लाल को रात 10:00 बजे गोली मार दी थी जिससे उसे गंभीर चोटें लगी थी।

### सफाई कर्मी के वर्षो से ना आने से गंदगी व्याप्त

**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के शुक्लन के पुरवा गांव में वर्षों से सफाई कर्मी गांव नहीं पहुंचा है जिससे गांव की गलियों सड़कों में गंदगी फैली हुई है गांव की नालियां कूड़ा कचरा से भरी पड़ी है जिससे दुर्गन्ध उठ रही है और नालियों में गंदगी भरे होने से जल निकासी की व्यवस्था भी चौपट है कई बार ग्रामीणों ने सफाई कर्मी को नियमित सफाई करने के लिए कहा लेकिन सफाई कर्मी मठाधीश में व्याप्त है जिससे पूरे गांव के लोग गंदगी से जूझ रहे है ग्रामीणों ने बिकास खण्ड के आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शुक्लन पुरवा गांव में नियमित सफाई कर्मी को सफाई करने की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रामाधार पुत्र स्व० रामकिशोर निवासी भिखनापुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ताकती रह गई कौशांबी पुलिस गांजा कारोबारियों को उठा ले गई गैर जिले की पुलिस

अखंड भारत संदेश

**सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव से तीन युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 60 किलो गांजा किया बरामद**

**कौशांबी।** जिले में गांजे के बढ़ते कारोबार पर कौशांबी पुलिस के हाथ गांजा कारोबारियों के गिरहबान तक नहीं पहुंचे हैं सूचना के बाद पकड़े गए गांजा कारोबारियों को छोड़कर सराय अकिल पुलिस मोटी रकम वसूल रही है बीते दिनों सराय अकिल थाना के बेनी ग्राम कटरा चौकी पुलिस ने एक नेत्री की सटीक सूचना पर गांजा कारोबारी को पकड़ा था लेकिन बाद में 40,000 लेकर आरोपी को चौकी पुलिस ने छोड़ दिया था जिस व्यक्ति को नेत्री की सूचना पर पुलिस ने पकड़ कर छोड़ा था उसी गैंग के सदस्यों को दूसरे जिले की पुलिस ने गिरफ्तार कर जब कड़ाई से पूछताछ की तो पकड़े गए युवक ने पुलिस को बताया कि कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव में गांजा कारोबारी का सरगना है जिस पर गैर जिले की पुलिस ने बसुहार गांव में छापेमारी कार गांजे के व्यवसाय में लंबे समय से जुड़े तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 किलो गांजा बरामद किया है पकड़े गए युवकों को गैर जनपद की पुलिस उठा ले गई है बेनी राम कटरा चौराहे पर पुलिस चौकी स्थापित है पुलिस चौकी से एक किलोमीटर दूर यह गांव है लेकिन स्थानीय पुलिस गांजा कारोबारियों को नहीं पकड़ सकी है आखिर इससे बड़ी कौशांबी पुलिस की विफलता क्या होगी आखिर जिस क्षेत्र में गांजा का कारोबार हो रहा है क्षेत्र की पुलिस गांजा कारोबारियों को गिरफ्तार गांजा की बरामदगी नहीं कर सकी है क्या बेनी राम कटरा पुलिस और सराय अकिल थाना पुलिस की इस लापरवाही या संलिप्तता पर आला अधिकारी जांच कराएंगे।

### लखीमपुर खीरी में शहीद हुऐ किसानों को दीप जलाकर दिया श्रंद्धाजलि

**कौशाम्बी।** किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों की कुबार्नी को याद करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व चेयरमैन और सिराथू विधानसभा के पूर्व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कैलाश चंद्र केसरवानी ने अपने समर्थकों के साथ किसान स्मृति दिवस पर दीप जलाकर लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया है किसान दिवस का आयोजन भरवारी कस्बे में किया गया है। इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता कैलाश केसरवानी ने कहा कि किसानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी उन्होंने कहा कि किसानों की शहादत का ही परिणाम है कि मोदी सरकार को अपने किसान बिल को वापस लेना पड़ा है इससे बड़ी किसानों की क्या जीत होगी उन्होंने कहा कि किसानों की ताकत का एहसास मोदी सरकार को हो गया है और मोदी सरकार किसान बिल को वापस लेकर झुक गई है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो शहीद हुए किसानों को सम्मान तरीके से उन्हें स्थान दिया जाएगा उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में अपराध अत्याचार अन्याय से आम जनता त्रस्त है उत्तरप्रदेश में चारों ओर भय और आतंक का है। आम जनमानस भाजपा सरकार से छुटकारा चाहती है। आने वाला विधानसभा चुनाव 2022 में जनता उत्तर प्रदेश से भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी और उत्तर प्रदेश की जनता प्रदेश की सत्ता समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को सौंपेंगी किसान स्मृति दिवस के अवसर पर सैकड़ों सपा के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब-तब होता है प्रभु का अवतार : अखिलेश महराज

अखंड भारत संदेश्

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के साई धाम में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। सारा पंडाल जय कन्हैया लाल की जय से गूंजायमान हो उठा। विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालु भाव विभार हो कर नाचने लगे। पंडित अखिलेश जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म,अर्थ,काम व मोक्ष की महता पर प्रकाश डाला।

उन्होने बताया कि 84 लाख योनियां भुगतने के पश्चात मानव देह की प्राप्ति होती है । इसलिए इस देह को उपयोग व्यर्थ कामों मे ना करके जनकल्याण व ईश्वर भक्ति में समर्पित कर दे। इस मौके पर भगवान श्री कृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप की झाकियां सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे।

पंडित अखिलेश जी महाराज ने श्रीकृष्ण अवतार की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का अवतार तब होगा जब आप सत्य निवेशी बनेंगे। अर्थात आपको सत्य की साधना करनी पड़ेगी। मां देवकी ने सत्य की साधना की। सत्य की साधना कष्टदायी हो सकती है, लेकिन इसके फल के रूप में हमें श्रीकृष्ण ही प्राप्त होंगे। वह हमारे जीवन को आनंद से भर देंगे। भगवान कृष्ण सभी समस्याओं का समाधान हैं। उनके मार्गदर्शन में जीवन अगर चलने लगा तो जीवन का हर मार्ग आनंद से भर जाएगा। प्रभु कृष्ण भक्तों के प्रार्थना रूपी निर्मल झील में प्रतिदिन स्नान करते हैं। पंडित अखिलेश जी महाराज ने प्रार्थना की विधि बताते हुए कहा कि प्रार्थना में भाषा की प्रधानता नहीं होती है। प्रार्थना तो भाषा शून्य होती है, लेकिन इसके लिए भाव जरूरी है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालु झूम उठे। पंडित अखिलेश जी महाराज ने कथा की मीमांसा करते हुए कहा कि नंदोत्सव अर्थात श्री कृष्ण जन्म से पहले नवम स्कंध के अर्न्तगत राम कथा सुनायी और कहा कि भागवत में श्रीकृष्ण जन्म से पहले राम कथा की चर्चा इसी कारण कही गई है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा जीवन राम की तरह नही रहेगा तब तक श्री कृष्ण कथा हमे समझ नही आयेगी। आचार्य श्री ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे सुनने, ग्रहण करने से मन को शांति मिलती है अपने शरीर में भरी मैल को साफ करने के लिए अगर इसे मन से ग्रहण करें तो यह अमृत के समान है इसमें अपने अंदर का मैं, अहंकार खत्म करना चाहिए।व्यास जी ने कहा कि मानव का सबसे बड़ा दुश्मन हमारे अंदर बैठा अहंकार है श्रीमद् भावगत कथा अपने मन में बँठा ₹मैं₹ और अहंकार को खत्म करने का उचित दर्शन है।




भागवत कथा में प्रवचन करते कथा वाचक अखिलेश जी महाराज

### चेकिंग के दौरान हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 73 वाहनों का ई चालान किया गया व 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र राम गोपाल निवासी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सोनू दिवाकर पुत्र शिवलाल दिवाकर निवासी तेरई थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सिंहपुर गांव में कई चोरियों का खुलासा नही कर सकी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं चोर बेखौफ है और आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन किसी घटना का खुलासा स्थानीय पुलिस नहीं कर सकी है जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक सिंहपुर गांव के सरकारी पानी की टंकी के नलकूप का स्टार्टर एवं अन्य सामान चोर उठा ले गए है सरकारी पानी की टंकी के नलकूप का सामान चोरी हो जाने से ग्रामीणों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बताया जा रहा है कि यहां कई चोरियां हो चुकी है। सिंहपुर निवासी मनराज पुत्र मथुरा प्रसाद की बकरी बकरा साइकिल और विल्डिंग मशीन चोरी हो गया है जिसका अब तक पता नही चला है बलवंत सिंह का कहना है कि सांसद निधि से सोलर लाइट की बैटरी लगाई गई थी जिससे गांव में प्रकाश होता था लेकिन चोरों की नजर सोलर लाइट बैटरी पर पड़ गई और मौका मिलते ही चोर सोलर लाइट बैटरी भी उठा ले गए हैं इसकी जानकारी स्थानीय चायल चौकी में शिकायत के बाद अभी तक कोई खुलासा नही हुआ है नलकूप स्टार्टर के चोरी चले जाने के बाद सुबह से ही ग्रामीणों और जानवरों को पानी की किल्लत बढ़ गयी है। ग्राम प्रधान के शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है लेकिन किसी भी घटना का खुलासा स्थानीय पुलिस नहीं कर सकी है।

# केन्द्रीय मंत्री अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इण्डोर स्टेडियम की दे गए सौगात

अखंड भारत संदेश

**केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि खेल में जीतना हारना महत्व नहीं रखता बल्कि खेल में प्रतिभाग करना बहुत ही महत्वपूर्ण**

**कौशाम्बी।** केन्द्रीय मंत्री सूचना प्रसारण युवा मामले तथा खेल भारत सरकार अनुराग ठाकुर द्वारा सांसद खेल महोत्सव सांसद ट्रॉफी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियां को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने सांसद ट्रॉफी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियो का आभार व्यक्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल में जीतना व हारना महत्व नहीं रखता बल्कि खेल में प्रतिभाग करना बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने अखण्ड भारत फौज के कैडेटर्स एवं जिमनास्ट खिलाड़ियो को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को कोविड-19 आपदा के समय भी देश एवं विदेश में प्रशिक्षण के साथ सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराया एवं उनका उत्साहवर्धन व मनोबल बढ़ाया जिसके परिणाम स्वरूप खिलाड़ियो ने ओलम्पिक एवं पैरा-ओलम्पिक में अब तक का सर्वाधित मेडॅल दिलाया केन्द्रीय मंत्री ने खेल प्रतिभाओ को आगे बढ़ाने एवं कौशाम्बी में खेल की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खेलो इण्डिया सेन्टर जिमनास्ट की घोषणा के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इण्डोर स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की



चैनल में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

# पीएम के साथ काम करने का भाजपा नेता संतोष सिंह पटेल को मिला मौका

अखंड भारत संदेश

**संतोष सिंह बनाए गए परमाणु ऊर्जा मंत्रालय में स्वतंत्र निदेशक**

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का मौका कौशांबी के भाजपा नेता संतोष सिंह पटेल को मिला है उन्हें जिम्मेदारी मिलने के बाद कौशांबी के भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए संतोष सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महामंत्री और वाराणसी के जिला प्रभारी संतोष सिंह पटेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इन्हें शुक्रवार को परमाणु ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार में स्वतंत्र निदेशक के रूप में मनोनीत किया गया है। यह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है। संतोष सिंह पटेल के मनोनयन की जानकारी जैसे ही जिले के भाजपाइयों एवं उनके समर्थकों में हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। हर कोई संतोष सिंह पटेल के इस मनोनयन से गदगद है। संतोष सिंह पटेल को फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा है। वहीं संतोष सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सोनकर सांसद विनोद सोनकर विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू कुमार जिला महामंत्री संजय जयसवाल मंझनपुर विधायक लाल बहादुर सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह चौधरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी संदीप गुप्ता सहित तमाम लोग शामिल हैं।

## सम्पादकीय

### यह कैसी एकजुटता

तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को लगभग खारिज करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सभी क्षेत्रीय पार्टियां साथ आ जाएं तो बीजेपी को आसानी से हराया जा सकता है। ममता का ताजा बयान उनकी उस आक्रामक नीति का ही हिस्सा है जिसके तहत उनकी पार्टी अब सारे संकोच त्यागकर कांग्रेस के घर सेंध लगाने में जुटी दिख रही है। बीजेपी के खिलाफ विपक्ष का मोर्चा मजबूत करने की मुहिम पर निकलीं तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी ने बुधवार को महाराष्ट्र में जो आक्रामक तेवर दिखाए, उससे सत्तारूढ़ पक्ष के बजाय विपक्षी खेमे में ही ज्यादा तिलमिलाहट दिख रही है। दो दिन की यात्रा पर महाराष्ट्र पहुंचीं ममता ने एक सवाल के जवाब में कहा, हृकैसा यूपीए, कोई यूपीए नहीं है अब।ह्न कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व पर सीधा हमला बोलते हुए वह यहां तक कह गईं कि ज्यादातर समय विदेश में बिताते हुए आप राजनीति नहीं कर सकते। जाहिर है, उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। बीजेपी यही बात कहते हुए अक्सर राहुल पर निशाना साधती रही है। बहरहाल, कांग्रेस को लगभग खारिज करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सभी क्षेत्रीय पार्टियां साथ आ जाएं तो बीजेपी को आसानी से हराया जा सकता है। ममता का ताजा बयान उनकी उस आक्रामक नीति का ही हिस्सा है जिसके तहत उनकी पार्टी अब सारे संकोच त्यागकर कांग्रेस के घर सेंध लगाने में जुटी दिख रही है। कुछ दिनों पहले जब कांग्रेस नेता सुष्मिता देव ने तृणमूल जॉइन किया था तो उसे लेकर पार्टी के नेता बचाव की मुद्रा में दिख रहे थे। तृणमूल नेताओं का कहना था कि इसे कांग्रेस के खिलाफ कदम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

लेकिन उसके बाद हाल में कांग्रेस के कई नेता तृणमूल में चले गए और खुद ममता बनर्जी ने बयान दिया कि बीजेपी से लड़ने की इच्छा रखने वाले हर नेता का वह स्वागत करेंगी। साफ है कि पार्टी की रणनीति में यह नया बदलाव है। वैसे हर पार्टी को अपने विस्तार की कोशिश करने और उसके लिए अपना रास्ता चुनने का अधिकार है और जहां तक कांग्रेस के खिलाफ दिए गए तृणमूल चीफ के बयान का सवाल है तो उसका जवाब देना कांग्रेस नेताओं का काम है। लेकिन अगर सत्तारूढ़ बीजेपी को उखाड़ फेंकने के लिए विपक्ष की ताकत को एकजुट करने के घोषित मकसद के लिहाज से देखा जाए तो इस रणनीति का दूर तक जाना मुश्किल लगता है। आज की गिरी हुई स्थिति में भी कांग्रेस न केवल विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है बल्कि करीब 20 फीसदी वोट भी उसके पास हैं। ममता के संभावित रुख का अंदाजा एनसीपी को पहले से ही था। शायद इसीलिए एनसीपी के प्रवक्ता ने ममता-पवार मुलाकात के एक दिन पहले ही कहा कि कांग्रेस को छोड़कर विपक्ष की किसी पहल के बारे में नहीं सोचा जा सकता। बैठक के बाद भी ममता के मुकाबले पवार का रुख संतुलित था। बावजूद इसके, दोनों नेताओं की इस पहल का मर्म यही है कि पहले गैर कांग्रेस, गैर बीजेपी दलों का ग्रुप बन जाए, फिर वह ग्रुप कांग्रेस से बारगेन करे। चाहे जितना भी घुमा-फिराकर करें, पर तीसरे मोर्चे की यह काठ की हांडी फिर से चूल्हे पर चढ़ाने की कोशिश मौजूदा हालात में नादानी ही कहलाएगी।

# दो साल से कहर ढा रहे बहुरूपिये कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया का परिदृश्य ही बदल दिया है

**नीरज कुमार दुबे**

दुनिया के कुछ देशों में कोरोना रोधी वैक्सीन तो बना ली लेकिन अब भी विश्व आबादी का बड़ा हिस्सा वैक्सीन के लिए तरस रहा है। जिन देशों में वैक्सीन लगी है वहां व्यस्क आबादी को तो कुछ सुरक्षा मिल गयी है लेकिन बच्चों के लिए अब भी सुरक्षित टीकों का इंतजार है। दिसम्बर 2019 में चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस के मामले सबसे पहले सामने आये थे उस लिहाज से देखें तो दिसम्बर 2021 में दुनिया को कोरोना वायरस से लड़ते-लड़ते दो साल पूरे हो चुके हैं। इन दो सालों में कोविड-19 ने रूप बदल-बदल कर दुनियाभर में जान-माल का काफी नुकसान किया है। आधिकारिक आंकड़ों को ही देख लें तो अब तक दुनियाभर में कोरोना से 52 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। यह तो वह संख्या है जो सरकारों के पास दर्ज है, मौत के ऐसे भी लाखों मामले होंगे जो दर्ज ही नहीं हुए होंगे। कोरोना ने किसी की जान अचानक से ले ली तो किसी की जान तड़पा-तड़पा कर ली, कोरोना ने किसी की नौकरी ले ली, किसी का परिजन छीन लिया, किसी के सिर से माता-पिता का साया उठा लिया तो किसी को जिंदगी भर के लिए तमाम अन्य रोगों से लड़ने के लिए छोड़ दिया। आज लॉकडाउन और तमाम तरह की पाबंदियों के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान उठाना पड़ा वह अलग है। लेकिन इतने भर से कोरोना संक्रमण का मन नहीं भरा है वह अब भी रूप बदल-बदल कर पहले से ज्यादा घातक स्वरूप में आकर विभिन्न देशों में कहर बरपा रहा है। अभी यूरोप और अफ्रीकी देश इसके निशाने पर हैं लेकिन कब यह एशिया या दक्षिण एशिया या अन्य क्षेत्रों में कहर बरपाना शुरू कर दे इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

दुनिया के कुछ देशों में कोरोना रोधी वैक्सीन तो बना ली लेकिन अब भी विश्व आबादी का बड़ा हिस्सा वैक्सीन के लिए तरस रहा है। जिन देशों में वैक्सीन लगी है वहां व्यस्क आबादी को तो कुछ सुरक्षा मिल गयी है लेकिन बच्चों के लिए अब भी सुरक्षित टीकों का इंतजार है। यही नहीं कोरोना की वजह से बिना मास्क और बिना सोशल डिस्टेंसिंग वाले जीवन की कल्पना करना अब मुश्किल हो गया है। कोरोना ने स्कूली बच्चों को ऑनलाइन कक्षा में भाग लेने पर मजबूर कर दिया, कोरोना ने कार्यालयों की संस्कृति बदल कर वर्क फ्रॉम होम का माहौल ला दिया और अब जिस तरह से यह नया स्वरूप लेकर फैलना शुरू हुआ है उससे लॉकडाउन और तमाम तरह की पाबंदियां फिर शुरू हो गयी हैं। कहीं अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर पाबंदी लग रही है तो कहीं शहरों को बंद किया जा रहा है। यह सब कुछ दिन और चला तो विश्व अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। लगभग सभी देशों में यह भी एक बड़ी समस्या है कि कोविड रोधी टीकाकरण के प्रति लोगों के मन में झिझक है और यह झिझक सिर्फ गरीब देशों में ही नहीं बल्कि समृद्ध पश्चिमी देशों में भी है। इसीलिए अब विभिन्न सरकारों ने अपना रुख भी कड़ा कर लिया है जैसे यूनान से खबर है कि वहां टीकाकरण कराने से इंकार कर रहे 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के खिलाफ मासिक जुर्माना लग सकता है और इससे उनकी पेंशन की एक-तिहाई राशि कट सकती है। वहां के नेताओं का कहना है कि इस कठोर नीति से वोट घटेंगे पर लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरील रामफोसा भी देश के नागरिकों से टीका लगवाने की अपील कर रहे हैं। जर्मनी ने तो ऑस्ट्रिया की राह पर चलते हुए सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने कहा है कि टीका नहीं लगवाने वाले लोगों को सार्वजनिक गतिविधियों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा और संसद टीकाकरण को अनिवार्य बनाने के लिये एक आदेश जारी करने पर विचार कर रही है। वहीं, स्लोवाकिया सरकार 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को टीकाकरण कराने पर 500 यूरो (568 डॉलर) देने की पेशकश कर रही है। कई देशों में तो हालात ऐसे हो गये हैं कि सरकारें कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए अगर पाबंदियां लगाती हैं तो लोग विरोध प्रदर्शन करने लगते हैं। यूरोप के कई देशों से हाल में ऐसे घटनाक्रम सामने आये।

नीदरलैंड में भी लॉकडाउन और अन्य पाबंदियों के खिलाफ साप्ताहिक प्रतिबंधों ने हिंसक रूप ले लिया है। दक्षिण कोरिया ने भी सामाजिक दूरी संबंधी नियमों को कड़ा करने का फैसला किया है जिसके विरोध में आवाजें उठ रही हैं। जहां तक दक्षिण अफ्रीका से सामने आये वायरस के नये स्वरूप ओमीक्रान की बात है तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओमीक्रोन के केंद्र गौतेंग प्रांत में निगरानी के उपायों में तेजी लाने और वायरस के संपर्क में आए लोगों की पहचान के लिए अधिकारियों का एक दल भेजा है। उल्लेखनीय है कि ओमीक्रोन का मामला पहली बार दक्षिण अफ्रीका में ठीक एक हफ्ते पहले सामने आया था जो अब दुनिया भर के कम से कम 30 देशों में पहुँच चुका है। जहां भी ओमीक्रान के मामले सामने आये हैं वहां पर संक्रमित व्यक्ति की हालत गंभीर होने की सूचना नहीं है। विशेषज्ञ अभी भी इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि यह वास्तव में कितना घातक स्वरूप है। लेकिन इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि यह बहुत तेजी से फैलता है। दूसरी ओर, अब टीका कंपनियों ने अपने टीके को उन्नत बनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। फाइजर ने भी कहा है कि नया टीका सौ दिन में तैयार हो जाएगा। फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एल्बर्ट बोउर्ला ने हाल ही में यहाँ तक कहा था कि आने वाले कई वर्षों तक लोगों को संक्रमण से बचाव से किए सालाना टीकाकरण कराना पड़ सकता है। कई देशों ने तो अपने यहां बूस्टर डोज लगवाना शुरू भी कर दिया है। भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ने बूस्टर डोज देने की इजाजत मांगी है। भारत में इस पर विचार हो रहा है कि क्या हैल्थवर्कर्स और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को बूस्टर डोज दिया जाना चाहिए दुनियाभर में कोरोना से बचाव के लिए औषधियों पर भी नये-नये शोध हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक खुशखबरी यह आई है कि ब्रिटेन के औषधि नियामक ने कोविड-19 के एक नये एंटीबॉडी उपचार को मंजूरी दे दी, जिसके बारे में उसका मानना है कि यह ओमीक्रोन जैसे नये स्वरूप के खिलाफ भी कारगर होगा। औषधि एवं स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद नियामक एजेंसी ने कहा है कि सोट्रोविमैब, कोविड के हल्के से मध्यम संक्रमण से पीड़ितों के लिए है। सोट्रोविमैब एक खुराक वाली एंटीबॉडी है और यह दवा कोरोना वायरस के बाहरी आवरण पर स्पाइक प्रोटीन से जुड़कर काम करती है। इससे यह वायरस को मानव कोशिका में प्रवेश करने से रोक देती है।

वहीं अगर भारत की बात करें तो केंद्र सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों ने भी नयी कोरोना गाइडलाइन जारी करना शुरू कर दिया है। हवाई अड्डों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वालों पर निगरानी की जा रही है खासकर 'रिस्क' वाले देशों से आ रहे यात्रियों की कोविड जाँच की जा रही है। हाल के दिनों में 'रिस्क' वाले देशों से जो यात्री आये हैं उनकी पहचान कर उनकी तथा उनके संपर्क में आये लोगों की जाँच की जा रही है। भारत ने कोरोना की दूसरी खतरनाक लहर का जिस तरह सामना किया उसकी दर्दनाक यादें आज भी खौफ पैदा करती हैं इसलिए बहुत सतर्कता तथा सावधानी बरते जाने की जरूरत है। बहरहाल, हमें याद रखना है कि कोरोना कहीं गया नहीं है वह इंतजार सिर्फ इसी बात का कर रहा है कि हम मास्क उतारें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन छोड़ें या हाथ सैनेटाइज ना करें। अगर हम किसी खुशफहमी में हैं या खुद को बहुत बहादुर समझ रहे हैं तो जरा अमेरिका का हाल देख लें जहां आज भी रोजाना एक लाख से ज्यादा संक्रमण के मामले और 1000 से ज्यादा मौतें प्रतिदिन हो रही हैं। जरा यूरोप का हाल देख लें जहां केसों में वृद्धि के चलते अस्पतालों पर बोझ बढ़ता जा रहा है और लोग एक बार फिर अपने घरों के भीतर बंद होने को मजबूर हो रहे हैं, जरा चीन का हाल देख लें जहां कई शहरों में सख्त पाबंदियां लगा दी गयी हैं।

# ज्ञान विज्ञान: ब्रह्मांड की गहराई को देखेगी अब एक नई आंख

**मुकुल व्यास**

अमेरिकी खगोल वैज्ञानिक एडविन हबल ने सबसे पहले यह सिद्ध किया था कि हमारी मिल्की-वे आकाशगंगा के आगे दिखने वाले अनेक ऑब्जेक्ट दरअसल दूसरी आकाशगंगाओं की मौजूदगी दशार्ते हैं। तब से खगोल वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि सबसे पुरानी आकाशगंगाएं कितनी पुरानी हैं, उनका गठन कैसे हुआ और बाद में उनमें क्या बदलाव हुए हबल के नाम से मशहूर हो चुके नासा के टेलिस्कोप ने ब्रह्मांड के बारे में बहुत सी नई जानकारियां हमें दी हैं। लेकिन उसके बहुत से रहस्य अनसुलझे हैं, बहुत से सवालों के जवाब खोजे जाने बाकी हैं। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि नए जेम्स वेब टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में ज्यादा गहराई तक झांका जा सकेगा। यह टेलिस्कोप 22 दिसंबर को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ब्रह्मांड में दूर तक झांकने के लिए इस टेलिस्कोप में बहुत बड़ा दर्पण लगाया गया है। यह दर्पण करीब 6 मीटर चौड़ा है। इस पर एक शेड लगा हुआ है जिसका आकार टेनिस कोर्ट के बराबर है। यह शेड सूरज के विकिरण को अवरुद्ध करेगा।

इसके अलावा टेलिस्कोप में चार पृथक कैमरे और सेंसर सिस्टम हैं। यह टेलिस्कोप एक सैटलाइट डिश की तरह काम करता है। किसी तारे या आकाशगंगा से आने वाली रोशनी टेलिस्कोप के मुख में प्रवेश करेगी और प्राथमिक दर्पण से टकराकर चार सेंसरों तक जाएगी। एक सेंसर प्रकाश को विभिन्न रंगों में विभक्त करेगा और हर एक रंग की ताकत को नापेगा। एक अन्य सेंसर प्रकाश की वेवलेंथ को नापेगा। जेम्स वेब टेलिस्कोप से वैज्ञानिक यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि हमारी मिल्की-वे आकाशगंगा में तारों का गठन किस प्रकार होता है। साथ ही इससे सौर मंडल के बाहर दूसरे ग्रहों के वायुमंडलों का भी अध्ययन किया जा सकेगा। इस टेलिस्कोप का एक प्रमुख लक्ष्य पर्यवेक्षण के लायक ब्रह्मांड के छोर के पास स्थित आकाशगंगाओं का अध्ययन करना है। इन आकाशगंगाओं के प्रकाश को ब्रह्मांड पार कर पृथ्वी तक पहुंचने में अरबों वर्ष लगते हैं। टेलिस्कोप से जुड़े एक वैज्ञानिक के अनुसार टेलिस्कोप द्वारा ली जाने वाली तस्वीरों में उन प्राथमिक आकाशगंगाओं को देखा जा सकेगा, जिनका गठन बिग बैंग घटना के 30 करोड़ वर्ष बाद हुआ था। बिग बैंग थियरी के मुताबिक ब्रह्मांडीय महाविस्फोट से ब्रह्मांड की शुरूआत हुई थी। बिग बैंग के बाद बने तारों के पहले जमघट को खोजना बहुत ही जटिल काम है क्योंकि ये प्राथमिक आकाशगंगाए बहुत दूर हैं और मंद दिखाई देती हैं। वेब टेलिस्कोप के दर्पण में 16 भाग हैं और वह हबल टेलिस्कोप के दर्पण के मुकाबले 6 गुणा ज्यादा प्रकाश एकत्र कर सकता है। वेब टेलिस्कोप को पर्यवेक्षण के दौरान एक बड़ी जटिल समस्या का सामना करना पड़ेगा। चूंकि ब्रह्मांड का विस्तार हो रहा है, वे आकाशगंगाएं भी पृथ्वी से दूर जा रही हैं जिनका वैज्ञानिकों द्वारा अध्ययन किया जाएगा। दूर जाने वाली आकाशगंगाओं के प्रकाश की वेवलेंथ दृश्य प्रकाश से इंफ्रारेड लाइट में तब्दील हो जाएगी। इंफ्रारेड लाइट एक विद्युत- चुंबकीय रेडिएशन है जिसकी वेवलेंथ दृश्य प्रकाश से बड़ी होती है। वेब टेलिस्कोप इंफ्रारेड प्रकाश को डिटेक्ट कर सकता है लेकिन मंद आकाशगंगाओं को इंफ्रारेड प्रकाश में देखने के लिए टेलिस्कोप का अत्यंत ठंडा होना जरूरी है, नहीं तो वह अपना ही इंफ्रारेड रेडिएशन देखने लगेगा। इसी वजह से टेलिस्कोप के कैमरों और सेंसरों को माइनस 224 सेल्सियस तापमान पर रखने के लिए उसमें एक विशेष हीट शील्ड बनाई गई है।

जेम्स वेब टेलिस्कोप आधुनिक इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट नमूना है। इसका विकास नासा, यूरोपियन एजेंसी और कैनेडियन स्पेस एजेंसी ने मिल कर किया है। इस प्रॉजेक्ट पर काम 1996 में शुरू हुआ था। इसे पहले 2005 में अंतरिक्ष में स्थापित किया जाना था, लेकिन प्रक्षेपण की तारीख आगे खिसकती रही। इस दौरान टेलिस्कोप के डिजाइन में सुधार होते रहे। 2016 में टेलिस्कोप के निर्माण का कार्य पूरा हुआ। इसके पश्चात इसके विस्तृत परीक्षण का दौर शुरू हुआ। 2018 में परीक्षण के दौरान टेलिस्कोप की शील्ड फट जाने के बाद नासा ने इसका प्रक्षेपण स्थगित कर दिया। मार्च 2020 में कोविड महामारी के कारण टेलिस्कोप के एकीकरण और परीक्षण के काम को स्थगित करना पड़ा। टेलिस्कोप की टीम ने अब यान की रवानगी से पहले हर उपकरण को अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों में आजमा कर देख लिया है।

# संस्मरण : साहित्य का एक जमाना था और कवि उसी में जीता था

**शकील अख्तर**

प्रमोद अश्क अंदर बाहर एक समान थे। भोले कह सकते हैं। दुनिया के छल छंदों से कोई मतलब नहीं। अच्छी कविता कहते थे। उन दिनों तो कवि गोष्ठियों की भरमार हुआ करती थी। खूब सुनाने का मौका मिला करता था। और स्थानीय अखबारों में छपने का भी। सभी अखबार रविवार को साहित्य, कविता छापते थे। वैसे भी छप जाती थी। लेकिन हमें याद नहीं कि उसके लिए उन्होंने कभी सिफारिश करवाई हो। कहा हो। यह खास बात थी। उनकी अपनी एक अना (आत्मसम्मान) थी। प्रमोद अश्क की चाल, चाय के होटलों पर बैठना, अंदाज सब याद आ रहा है। अब तो शायद वैसे कवि, शायर होते नहीं हैं जो पूरी जिन्दगी सि॥कवि ही बने रहे। अपने नाम से ज्यादा तखल्लुस से जाने जाएं। अश्क वैसे ही शायर थे। प्रमोद अश्क। हमारे शहर दतिया के। अभी नहीं रहे। अचानक पता चला। बहुत सालों से मुलाकात नहीं थी। मगर हमें अक्सर याद आ जाते थे। हमारे मोहल्ले के सामने ही रहते थे। जब से जाना कवि के रूप में ही जाना। उम्र में हमसे छोटे ही होंगे। मगर एक कवि की गरिमा लिए हुए उन्होंने कभी किसी को यह रियायत नहीं दी कि वह उनसे छोटे की तरह व्यवहार कर ले। मोहल्ले और बहुत सारे नातों से हमें यह अधिकार मिलना था कि हम उनके साथ थोड़ा छोटे भाई वाला व्यवहार कर लें। मगर कवि प्रमोद अश्क पूरे तन मन से कवि थे। केवल कवि। इसलिए उन्होंने शायद हमें ही नहीं किसी को भी जरा भी लिबर्टी की इजाजत नहीं दी। हिन्दी गजलें कहते थे। इसलिए खुद को शायर कहलाना ही पसंद करते थे।

दुष्यंत कुमार की पीक का जमाना था। हिन्दी गजलों का स्वर्णिम काल। और वैसे मध्य प्रदेश में साहित्य की वापसी का। जिसे कविता की वापसी कहा जा रहा था उस दौर में। अर्जुन सिंह नए-नए मुख्यमंत्री बने थे। 1980 में। साहित्य और कला की गतिविधियां अचानक बहुत बढ़ गई थीं। पहली बार कोई सरकार साहित्य, कलाओं, संवेदनशीलता की बातें कर रही थी। प्रगतिशील लेखक संघ का विस्तार हो रहा था। मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ की धूम थी। प्रदेश में कमला प्रसाद जी, हरिशंकर परसाई, मायाराम जी सुरजन ग्वालियर में प्रकाश दीक्षित, महेश कटारे, अपूर्व शिन्दे, दतिया में डॉ. केबीएल पाण्डेय प्रलेस के बैनर तले खूब कार्यक्रम करवा रहे थे। हमें भी ड्यूटियां दी जातीं थीं। जो हम अपनी राजनीति, पत्रकारिता, दोस्ती यारी के साथ पूरी करने की कोशिश करते थे। बहुत ही गजब जमाना था। उसी समय नए लोग हर फील्ड में आ रहे थे। साहित्य में लेखक सम्मेलन, नव लेखक सम्मेलन, वर्कशाप का दौर था। परसाई जैसी बड़ी हस्ती नए लेखकों को प्रोत्साहन दे रही थी। वे पोस्टकार्ड पर संदेश, निर्देश, आदेश भेजते थे। हमेशा पूर्ण बेइज्जती का खतरा बना रहता था।

हमारे शहर में उस समय एक कहावत चल गई थी कि अगर आप कंकर फैंकों तो या तो मास्टर को लगेगा या कवि को। नौकरी केवल टीचर की थी। और काम केवल कविता का। कवि तो कवि थे ही। टीचरों का भी बड़ा हिस्सा कवि था। और कवि कैसे! पूर्णकालिक कवि। होलटाइमर। मैं जिसे ओढ़ता बिछाता हूं, वह गजल आपको सुनाता हूं। तो प्रमोद अश्क के देहांत के बाद यह सारी बातें याद आ गई। बहुत स्वाभिमानी थे, समय के पाबंद। समय के पाबंद काहे के लिए! सुबह ठीक समय पर निर्मल के चाय के होटल पर पहुंचना। हम लोग उन दिनों सुन्दर के होटल पर बैठते थे। बदनाम थे। लोगों ने अलग-अलग नाम रख रखे थे। कोई बुद्धिजीवी कंपनी कहता था, कोई नए लड़कों को बिगाड़ने का ठिया और जब किसी एसपी या टीआई से ज्यादा संघर्ष हो जाए तो वह असामाजिक तत्वों का अड्डा कहता था। एक टीआई हमसे बहुत चिढ़ता था। कोतवाली के सामने ही सुन्दर का होटल था। वहीं रात को महफिल जमती थी। एक बार रात को आकर वह उन बैंचों को उठवा कर ले गए जिस पर हम लोग बैठते थे। सुबह वापस भी करना पड़ी। खैर वह कहानियां तो बहुत हैं। कभी अलग लिखेंगे। तो प्रमोद अश्क के शायद दो होटल थे। जहां वे टाइम बदल-बदल कर बैठते थे। उनके पिताजी दोनों जगह उनकी चाय के पैसे देते थे। महीने पर। खेती थी। शायद कोई नौकरी भी करते थे। तो खैर अश्क जी वहां सारे अखबार देखते थे। दतिया, ग्वालियर से निकलने वाले। किस में उनकी गजल छपी है। और किस में कवि गोष्ठी की खबर। चाय एक की दो का जमाना था। सुबह जहां निर्मल के होटल पर बैठते थे वहां उनकी सुबह की तीन या चार चाय का कोटा था। जिसे वे छह या आठ लोगों में बांटकर पीते थे। ऐसे ही किले के सामने के एक दूसरे होटल पर दो या तीन चाय का। वहां भी कवि और उनके श्रोता जुटते थे। बाकी कोई और उन्हें शौक नहीं था। शुद्ध कविता का।

टची बहुत थे। अगर कहीं किसी ने मजाक कर लिया तो हमेशा के लिए बुरा मान जाते थे। जबकि वह दौर ऐसा था जब कवि मजाक की बड़ी चीज हुआ करता था। लेकिन यह बात उन पर लागू नहीं होती थी। वे पूरी गंभीरता से कवि कर्म करते थे। और उससे ज्यादा कवि के हावभाव में रहते, चलते, सोचते, दिखते थे। अंदर बाहर एक समान थे। भोले कह सकते हैं। दुनिया के छल छंदों से कोई मतलब नहीं। अच्छी कविता कहते थे। उन दिनों तो कवि गोष्ठियों की भरमार हुआ करती थी। खूब सुनाने का मौका मिला करता था। और स्थानीय अखबारों में छपने का भी। सभी अखबार रविवार को साहित्य, कविता छापते थे। वैसे भी छप जाती थी। लेकिन हमें याद नहीं कि उसके लिए उन्होंने कभी सिफारिश करवाई हो। कहा हो। यह खास बात थी। उनकी अपनी एक अना (आत्मसम्मान) थी। इसीलिए सारी बातें खूब याद आ रही हैं। कष्ट और संकट तो होंगे ही। मगर उसका भी जिक्र कभी किया नहीं। तो एक दौर था। उसमें जीते और फिर जल्दी ही चले जाते लोग थे। मगर एक रंग था। मस्ती का। बेफिक्री का। छोटे-छोटे सुखों का। जिनमें कविता का छप जाना। कवि गोष्ठी में पूरा सम्मान मिल जाना जैसी छोटी-छोटी खुशियों के साथ प्रमोद अश्क जैसे मनमौजी शायर अपनी पूरी जिन्दगी निकाल देते थे। अलविदा दोस्त। शायद अश्क जी कहलाना ज्यादा पसंद करोगे! तो विदा अश्क जी।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन आएंगे भारत, एक दौरे से कैसे चीन और अमेरिका को मिलेगा संदेश

**हर्ष वी. पंत**

जो दिसंबर का महीना है, यह बड़ा दिलचस्प है क्योंकि इसमें पहले भारत पुतिन की मेजबानी कर रहा है, फिर उसके बाद समिट फॉर डेमोक्रेसी, जो अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने बुलाई है, उसमें हिस्सा ले रहा है। ऐसे में जिस तरह से साल का अंत हो रहा है, उसमें भारत के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि विदेश नीति में जो बड़ी ताकतों की राजनीति है, उसे वह कैसे नेविगेट करता है। इसका एक नमूना हमको इस महीने देखने को मिलेगा। रूस और अमेरिका के संबंध काफी खराब चल रहे हैं, और भारत ही एक ऐसा देश है जो दोनों के बीच एक पुल का काम कर सकता है। भारत यह कैसे करेगा, इसका भी नमूना हमें इस महीने देखने को मिलेगा। इन चीजों का आकलन दो तरह से किया जा सकता है। एक तो यह कि पुतिन भारत आ रहे हैं।

कोविड के बाद उनकी इन-पर्सन यह पहली विदेश यात्रा है। भारत के लिए डर यह बना हुआ है कि चीन के साथ रूस के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं तो भारत के साथ कमतर हो जाएंगे। पुतिन ऐसी कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा ना दिखे। अगस्त में भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सामुद्रिक सुरक्षा पर वर्चुअल बैठक की थी, जिसे पीएम नरेंद्र मोदी ने चेयर किया था। उस बैठक में भी वह आए थे। तो पुतिन जो हिंदुस्तान को तरजीह देना चाहते हैं, वह स्पष्ट है। दूसरे यह कि टू प्लस टू बातचीत भी होगी। 6 दिसंबर को रूस के रक्षा और विदेश मंत्री भारत में अपने समकक्षों के साथ बैठेंगे। भारत का टू प्लस टू फ्रेमवर्क यूएस, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ है। रूस ऐसा चौथा देश होने जा रहा है। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है कि दोनों देश अपने संबंधों को मजबूत दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों के डर के बावजूद रूस से एंटी मिसाइल सिस्टम एस-400 खरीदा है। ऐसा करके उसने दिखाया कि वह रूस का साथ छोड़ नहीं रहा। भले ही भारत के संबंध अमेरिका के साथ अच्छे बन रहे हों, लेकिन रूस के साथ उसके ऐतिहासिक संबंध हैं।

इसमें परेशानियां जरूर हैं, जैसे कि रूस की चीन के साथ बढ़ती दोस्ती या फिर हिंद-प्रशांत और क्वाड को लेकर रूस का नकारात्मक रवैया। मगर दूसरी ओर रूस और चीन का ट्रेड इंगेजमेंट और लोगों का आपसी मिलना-जुलना बहुत कम है। हालांकि सामरिक रोडमैप में दोनों ही देशों ने अपनी-अपनी विदेश नीति में एक दूसरे का महत्व कम ना करने की प्रायॉरिटी अपनाई हुई है। सात साल में बने अमेरिका के गुलाम, रूस संग रिश्तों को लगी चोटङ्घ मणि शंकर अय्यर ने मोदी की विदेश नीति पर उठाए सवाल रूस के भारत के साथ संबंध मजबूत होंगे तो यह चीन के लिए भी एक महत्वपूर्ण इशारा होगा कि रूस चीन का जूनियर पार्टनर नहीं है। उसके पास भी और विकल्प हैं। रूस और चीन के जो संबंध बने हैं, वे पश्चिम को लेकर उनके नजरिए के चलते बने हैं। पहले दोनों ने एक-दूसरे के विपक्ष में भी काम किया है। लेकिन जहां तक रूस और भारत के संबंध हैं, वे तो पिछले सात दशक से चल ही रहे हैं और उनको इतनी आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता। भारत की जो 65 फीसदी मिलिट्री सप्लाई है, वह रूस से आती है। फिर रूस ने हमेशा भारत के साथ सामरिक तकनीक शेयर की। भारत-चीन सीमा विवाद में भी रूस के साथ रक्षा संबंध बने रहे, जबकि चीन ने इस पर घोषित रूप से नाखुशी जाहिर की थी। क्षेत्रीय नजरिए से भारत भी रूस का महत्व अच्छे से समझता है, जैसा कि पिछले महीने अफगानिस्तान में हुई बातचीत में दिखा भी। उसमें रूस और मध्य एशिया के देश आए, जबकि चीन और पाकिस्तान नहीं आए। वहां पर तालिबान को लेकर रूस का जो बड़ा आशावादी रवैया था, वह कमजोर पड़ता दिखा। अफगानिस्तान से जो समस्या उभर रही है, उसे लेकर रूस और भारत का आकलन एक जैसा है। शीत युद्ध के दौरान सोवियत यूनियन और चीन अलग-अलग दिशाओं में काम कर रहे थे। सत्तर के बाद चीन अमेरिका के साथ आ गया था। शीतयुद्ध के बाद रूस और चीन ने फटाक से हाथ मिला लिया। अब भारत जिस तरह से अमेरिका और पश्चिम के साथ संबंध बढ़ रहा है, और जैसे-जैसे संतुलन बदल रहा है, उसी हिसाब से बनते जियो-पॉलिटिकल एनवायरमेंट में भारत और रूस प्रतिक्रिया कर रहे हैं। जहां तक मॉस्को का चीन की तरफ झुकाव है, उसमें भारत बहुत कुछ नहीं कर सकता क्योंकि वह पश्चिम को लेकर एक संयुक्त विपक्ष है। इसके अलावा रूसी विदेश नीति का बड़ा फ्रेमवर्क अमेरिका के विरोध को लेकर है। उसमें भी भारत बहुत कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि भारत की अपनी चुनौती चीन को लेकर है। इसमें भारत जो कर सकता है, वह यह कि उसके रूस के साथ जो संबंध हैं, उनको अमेरिकी संबंधों से एकदम अलग कर ले।तो पुतिन का आना दिखाता है कि वह भारत को तरजीह देते हैं और भारत भी इसे रेखांकित कर रहा है कि वह रूस को अपना महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। भारत अगर अपने संबंध अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ और प्रगाढ़ कर रहा है तो इसका यह मतलब नहीं कि वह रूस को दरकिनार कर देगा। रूस भी अपनी तरफ से यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत के साथ जो उसके संबंध हैं वह उनको गंभीरता से लेता है। चीन के साथ उसके संबंध भारत की कीमत पर नहीं बढ़ रहे हैं। अब दोनों देश अपने अपने सामरिक अजेंडे के लिए इनका किस तरह से प्रयोग कर पाते हैं, यह तो आने वाला समय बताएगा। लेकिन पुतिन का आना एक बड़े महत्वपूर्ण मौके पर हो रहा है, क्योंकि पिछले कुछ सालों में कई सवाल खड़े हुए हैं। खासकर पिछले दो सालों में यह कि भारत और रूस दूर होते जा रहे हैं। अब दोनों देशों की यह पहल स्पष्ट कर रही है कि मतभेद भले बढ़ रहे हों, लेकिन दोनों देश अपनी रणनीति साथ में बनाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि दोनों का ही साथ काम करने में फायदा है।



## मप्र अकादमी की दो खिलाड़ियों का एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन

**भोपाल।** थाईलैंड में आयोजित सीनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स रोइंग अकादमी की दो खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बधाई देते हुए एशियन चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है। एशियन चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 12 दिसंबर तक थाईलैंड में होने जा रहा है। रोइंग के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह ने शुक्रवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप के लिए भारतीय शिविर का आयोजन ओडिशा के जगतपुर स्थित साई सेंटर में विगत 45 दिनों से जारी था। इस शिविर में मप्र की दोनों खिलाड़ियों ने भागीदारी की और अपने प्रदर्शन से भारतीय टीम में स्थान पक्का किया। दलबीर सिंह ने बताया कि अकादमी की खुशप्रीत कौर का चयन क्वार्टर पुल स्कल स्पर्धा में भारतीय टीम में हुआ है। वहीं, रूकमणि दांगी का चयन डबल स्कल में हुआ है। खिलाड़ी ओडिशा

# रविचंद्रन अश्विन ने रचा एक और कीर्तिमान, शॉन पोलाक को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के दिग्गज गेंदबाज शॉन पोलाक को पीछे छोड़ते हुए ये रिकॉर्ड बनाया। मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन अश्विन ने कीवी टीम की पहली पारी में 4 विकेट झटके। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पोलॉक के नाम 108 टेस्ट में 421 विकेट हैं।




वहीं अपना 81वां टेस्ट खेल रहे अश्विन ने 423 विकेट ले लिए हैं। अश्विन ने कानपुर टेस्ट में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम और हरभजन सिंह को पीछे छोड़ा था। हरभजन सिंह को पछाड़कर वो भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में टॉप तीन में पहुंच गए हैं। उनसे आगे कपिल देव और अनिल कुंबले हैं। कुंबले के नाम 132 टेस्ट में 619 विकेट हैं। वहीं कपिल देव के नाम 131 टेस्ट में 434 विकेट हैं। दुनिया में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन हैं। उनके नाम 800 विकेट हैं। शेन वॉर्न इस लिस्ट में 708 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

मुंबई टेस्ट की बात करें तो दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मेजबान टीम ने बिना विकेट खोए 69 रन बनाए। भारत की तरफ से चेतेश्वर पुजारा 29 और मयंक अग्रवाल 38 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने इसी के साथ पहली पारी के आधार पर 332 रन की बढ़त बना ली है।' इससे पहले कीवी टीम की पहली पारी 62 रनों पर सिमट गई। भारत की पहली पारी 325 रनों पर सिमटी। भारत की तरफ से पहली पारी में मयंक अग्रवाल ने सर्वाधिक 150 रन बनाए। 33 साल के एजाज पटेल ने भारत की पहली पारी में 47.5 ओवर में 119 रन देकर दस विकेट लिए। एजाज टेस्ट की एक पारी के सभी 10 विकेट झटकने वाले मात्र तीसरे स्पिनर हैं। उनसे पहले ये कारनामा अनिल कुंबले और जिम लेकर ने किया था।



## दूसरे दिन का खेल खत्म, भारत ने कीवी टीम को बैकफुट पर धकेला

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 69 रन बना लिए हैं। भारत की तरफ से चेतेश्वर पुजारा 29 और मयंक अग्रवाल 38 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने पहली पारी के आधार पर कीवी टीम पर 332 रन की बढ़त बना ली है। इससे पहले भारत के गेंदबाजों ने कीवी टीम को पहली पारी 62 रन पर सिमेट दिया। भारत की तरफ से आर अश्विन ने सर्वाधिक 4 और मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लिए। इससे पहले भारत की पहली पारी 325 रनों पर सिमटी। न्यूजीलैंड की तरफ से कीवी स्पिनर एजाज पटेल ने इतिहास रचते हुए भारतीय पारी के सभी 10 विकेट झटक लिए। एजाज टेस्ट की एक पारी के सभी 10 विकेट झटकने वाले मात्र तीसरे स्पिनर हैं।

# बीसीसीआई ने बताया, शुभमन गिल की जगह ओपनिंग करने क्यों आए चेतेश्वर पुजारा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की तरफ से दूसरी पारी में ओपनिंग करने शुभमन गिल की जगह चेतेश्वर पुजारा आए। पुजारा और मयंक अग्रवाल भारत की तरफ से ओपनिंग करने आए और भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई।



दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मेजबान टीम ने बिना विकेट खोए 69 रन बनाए। भारत की तरफ से चेतेश्वर पुजारा 29 और मयंक अग्रवाल 38 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने इसी के साथ पहली पारी के आधार पर 332 रन की बढ़त बना ली है। टेस्ट मैच में अभी तीन दिन बचे हैं और कीवी टीम बैकफुट पर है। बीसीसीआई ने बताया कि आखिर शुभमन गिल भारत की तरफ से दूसरी पारी में ओपनिंग करने क्यों नहीं आए। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करके लिखा,' शुभमन गिल को पहली पारी में फील्डिंग के दौरान दाहिनी कोहनी में चोट लग गई थी।

वह पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं और इसलिए एहतियात के तौर पर उन्हें मैदान में नहीं उतरा।' इससे पहले कीवी टीम की पहली पारी 62 रनों पर सिमट गई। विराट कोहली ने मेहमान टीम को फॉलोऑन नहीं दिया। भारत की तरफ से आर अश्विन ने सर्वाधिक 4 और मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लिए। इससे पहले भारत की पहली पारी 325 रनों पर सिमटी। 33 साल के पटेल ने भारत की पहली पारी में 47.5 ओवर में 119 रन देकर दस विकेट लिए। एजाज टेस्ट की एक पारी के सभी 10 विकेट झटकने वाले मात्र तीसरे स्पिनर हैं। उनसे पहले ये कारनामा अनिल कुंबले और जिम लेकर ने किया था। भारत की तरफ से पहली पारी में मयंक अग्रवाल ने सर्वाधिक 150 रन बनाए।

## बीसीसीआई ने मैच अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ को दिया बड़ा तोहफा

**नईदिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मैच अधिकारियों और सहयोगी सदस्यों को बड़ी राहत देते हुए शनिवार को उनकी रिटायर्ड होने की आयु सीमा में पांच साल की बढ़ोतरी की। बीसीसीआई ने मुंबई में अपनी सालाना आम बैठक (एजीएम) के दौरान यह फैसला लिया। बीसीसीआई ने अपनी 90वीं एजीएम के बाद एक बयान में कहा, 'मैच अधिकारियों और सहयोगी सदस्यों की आयु सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी गई है, यह हालांकि उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। बोर्ड के इस फैसले से अंपायर, मैच स्कोरर, मैच रेफरी जैसे अधिकारियों को फायदा होगा। बोर्ड के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'अब हमारे पास दिशानिर्देश है। अब उन्हें रिटायर्ड होने के लिए पांच साल अधिक समय मिलेगा।'एजीएम में पूर्वोत्तर राज्यों, पुडुचेरी, बिहार और उत्तराखंड में क्रिकेट के विकास के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, 'प्रत्येक राज्य संघ को 10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं और हर जगह इनडोर सुविधा विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। अन्य फैसलों में बोर्ड ने बृजेश पटेल और एमकेजे मजूमदार को आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) संचालन परिषद में शामिल किया है। बयान में कहा गया, 'भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा पहले से आईपीएल संचालन समिति में भारतीय क्रिकेटर संघ के प्रतिनिधि के रूप में हैं।' बीसीसीआई ने दौरा, कार्यक्रम एवं तकनीकी समिति, अंपायर समिति और डिफरेंटली एबल्ड (दिव्यांग) क्रिकेट समिति के गठन की भी घोषणा की।



## दुनिया की सबसे बुजुर्ग क्रिकेटर एलीन ऐश का 110 साल की उम्र में हुआ निधन

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे उम्रदराज क्रिकेटर एलीन ऐश का 110 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडियम फास्ट बॉलर ऐश ने 1937 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से 7 टेस्ट मैच खेले। 1949 में क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले उन्होंने 7 टेस्ट मैच में दस विकेट लिए। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में सिविल सर्विस वूमेन, मिडलसेक्स वूमेन और साउथ वूमेन का प्रतिनिधित्व किया। भारत के खिलाफ 2017 आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड की महिलाओं की यादगार जीत से पहले एलीन ऐश ने लॉर्ड्स की बालकनी में घंटा बजाकर खेल की शुरूआत कराई थी। इस साल एमसीसी ने उन्हें मानद सदस्यतता से नजाजा था। उन्होंने 30 अक्टूबर को अपना 11वां जन्मदिन मनाया था। एलीन के जन्मदिन पर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड ने अपने ट्विटर हैंडल से एक वीडियो साझा किया था, जब उन्होंने साल 2019 में अपनी तस्वीर का अनावरण लॉर्ड्स के पवेलियन में किया था। ईसीबी के महिला क्रिकेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर और एमसीस के अध्यक्ष कॉर्नर ने कहा,' हमारा खेल हमारे अग्रदूतों का ऋणी हैं और एलीन उनमें से एक थी। । मुझे आज उन्हे अलविदा कहते हुए बहुत दुख हो रहा है।' ऐलीन ऐश का जन्म 30 अक्टूबर 1911 को लंदन में हुआ था । ऐलीन 100 साल तक जीवित रहने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी थीं। आईसीसी ने पिछले साल उनके जन्मदिन पर 2 साल पुराना एक वीडियो साझा किया था। इस वीडियो में ऐलीन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम की तत्कालीन कप्तान हीथर नाइट्स के साथ नजर आई थीं। इस वीडियो में ऐलीन इंग्लैंड की कप्तान को क्रिकेट से जुड़ी कहानियां सुनाने के साथ-साथ योग के गुर भी सिखा रही थीं।



# आशा और आशा सँगनियो ने सपा सुप्रीमो के नाम एक ज्ञापन पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को सौंपा

## पूर्व सांसद ने दिया आश्वाशन, घोषणापत्र में होगा प्रमुख मुद्दा

**अखंड भारत संदेश**

**करहल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कम्युनिटी प्रोसेस संविदा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में 2 सैकड़ा से अधिक आशा एवं आशा संगिनीयों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवास पर पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नाम सौंपा है। पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव ने ज्ञापन को लेकर उनकी समस्याओं को घोषणा पत्र में प्रमुख मुद्दों के रूप में जुड़वाने का भरपूर आश्वाशन दिया है।

आशा एवं आशा संगिनीओ ने पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को ज्ञापन देते हुए बताया है कि डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारियो का एक बड़े वर्ग का प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व संगठन द्वारा किया जा रहा है। संगठन अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर विगत कई वर्षों से आंदोलनरत है। जिस पर वर्तमान सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि हमारी प्रमुख मांगे है जो आशा एवं आशा संगिनी का एक निश्चित सम्मानजनक मानदेय प्रदान किया जाए, आशा एवं आशा संगिनीयों को मातृत्व अवकाश एवं चिकित्सीय अवकाश प्रदान किया जाए, उच्च शिक्षित आशा एवं संगिनी को बीएसडब्ल्यू के पद पर समायोजित किया जाए, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेसेस प्रबंधक का समान कार्य का समान वेतन दिया जाए, उपरोक्त सभी को जॉब सिक्योरिटी प्रदान किए जाएं, संविदा कर्मी के लिए ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाए और उपरोक्त



सभी को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव ने बताया है 2022 में सरकार बनाकर सबसे पहले आशाओ की समस्या का निदान करने का काम करेंगे।

## तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

**भदोही।** संपूर्ण समाधान दिवस में एक स्थानीय पत्रकार की ओर से सामूहिक समस्या की शिकायत उठाई गई तो तहसीलदार ने कथित रूप से अभद्रता कर दी जिससे नाराज तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी कर दी। बाद में किसी तरह से एसडीएम ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।फूलपुर कोतवाली अन्तर्गत मैलहन गांव निवासी महमूद अहमद एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के स्थानीय संवाददाता हैं। उनकी ओर से शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में लोक निर्माण खण्ड-4 के खिलाफ शिकायत की गई जिसके अनुसार खंसार उपकेन्द्र के लिए दो किलोमीटर सड़क बनाने का पैसा सांसद भदोही रमेश बिंद की ओर से स्वीकृत किया गया था



# व्यापारी अपहरण की निकली झूठी कहानी,पुलिस ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**मैनपुरी।** थाना किसनी के नगला सहारा निवासी बलराम आढती पिछले 28नम्बर को गायब होने की सूचना थाने मे दर्ज कराई ओर सोची समझी रणनीति मानी गई ओर घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने घटना का खुलासा किया कि आढती का अपहरण नही हुआ। जानकरी से पता चला कि गांव के प्रधान ओर रोजगार सेवक से विवाद चल रहा था इसी के चलते पूरा झूठा फामूर्ला तैयार किया गया।

ओर खुद 28नम्वर को गायब हो गया ओर इस तहरीर के आधार पर पुलिस जांच मे जुट गई ओर ठीक पांच दिन बाद इस घटना का खुलासा हुआ। इसमे एस पी मैनपुरी अशोक कुमार राय व्दारा टीमे गठित की गई वही पुलिस को मुखबिर व्दारा सूचना दी गई कि बलराम पुत्र महाराज सिंह थाना किसनी मैनपुरी से वेवर की ओर आ रहा है जानकारी के मुताबिक तत्काल पुलिस ने अपहरण को घेरे मे लिया वही पूछताछ के दौरान बलराम वोला कि मुझसे गलती हो गई वही उसके भतीजे सुनील व पवन पुत्र गण विश्राम सिंह ओर क्रष्णा पुत्र शिवराम सिंह ने प्रधान ओर रोजगार सेवक को अपहरण के झूठे मुकदमे मे फंसाने का नाटक किया। बताया कि बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल किसनी मार्ग पर खडी कर ओर चाबी साथ लेकर टिर्री मे बैठकर बेवर चला गया ओर वहा से मैनपुरी से दिल्ली वहा से करनाल फिर जयपुर से अहमदाबाद से उज्जैन ग्वालियर मैनपुरी से वेबर अपनी बेटी के घर जा रहा था वही मुखबिर के मुताबिक पुलिस ने धर दबोच कर जेल भेज दिया गया ।

## सदर विधायक, पूर्व मन्त्री के खिलाफ और एक याचिका दायर

**अखंड भारत संदेश**

**मैनपुरी।** सोमवार को ओडियो वायरल मे जिला पंचायत सदस्य सुजान सिंह ने शुक्रवार को सदर विधायक राजकुमार उर्फ राजू यादव ओर पूर्व मन्त्री आलोक शाक्य पर सीजेएम कोर्ट मे याचिका दायर की है। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य सुजान सिंह ने सीजेएम कोर्ट मे अपने अधिवक्ता सौरभ यादव ने कोर्ट परिसर पर याचिका दायर की है। बताया कि सदर विधायक राजकुमार उर्फ राजू यादव ओर पूर्व मन्त्री आलोक शाक्य ने जानबूझकर मुझे बुरा भला कहा कि उद्देश्य से उनके पद ओर प्रतिष्ठा के लिए अमर्यादित शब्दो का प्रयोग किया ओर गालियो का प्रयोग करके जान से मारने की धमकी भी दी ओर शोसल मीडिया पर वायरल किया। इसी ओडियो रिकार्डिंग मे एम एल सी अरविन्द यादव को गालिया दी ओर वेजत किया ओर जान से मारने की धमकी

# केएनपीजी में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पर्चे की बिक्री

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर गहमा-गहमी बढ़ती जा रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को चार टेबलों पर पर्चा बिक्री की प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक पर्चों की बिक्री हुई। छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी डा. ऋचा यादव ने बताया कि चार टेबलों पर पर्चा बिक्री की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन अध्यक्ष पद के 18 प्रत्याशियों ने 25 पर्चा खरीदा। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर सात प्रत्याशियों ने 12 पर्चा क्रय किया। महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशियों ने छह पर्चा खरीदा। इसी तरह कला संकाय प्रतिनिधि पद पर पांच प्रत्याशियों ने पांच पर्चा, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद चार



उम्मीदवारों ने चार एवं विज्ञान संकाय के प्रतिनिधि पद के लिए चार प्रत्याशियों ने पांच पर्चा क्रय किया। चुनाव के मद्देनजर कालेज परिसर में सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम बना रहा। पुलिस जवानों की कालेज में तैनाती की गई थी। गेट पर सघन चेकिंग के बाद ही विद्यार्थियों को अंदर जाने की अनुमति मिल रही थी। निर्धारित प्रपत्रों व प्रक्रिया के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया सात दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक होगा। बताया कि वांछित प्रपत्र व कागज के अभाव में किसी भी प्रत्याशी का नामांकन प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी। क्योंकि प्रत्याशियों को नामांकन के लिए जरुरी निर्देश एवं दस्तावेजों की प्रस्तुति के लिए छात्रसंघ विधान नियमावली भी दी गई है। उधर, छात्रसंघ चुनाव को लेकर कालेज में सरगर्मी बढ़ गई है। चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवार मतदाता विद्यार्थियों को अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए रिझाना शुरू कर दिए हैं। कालेज में छात्रों की गुटबाजी होना शुरू हो गया है।

# यूपी में होगा 5 लाख एके 203 राइफल का उत्पादन

## पुतिन के आने से पहले मोदी सरकार ने 5 हजार करोड़ की डील को दी मंजूरी




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मोदी सरकार ने रूस के साथ मिलकर 5 लाख अङ 203 कलाश्निकोव राइफलों के उत्पादन को मंजूरी दे दी है। 5 हजार करोड़ रुपए की इस डील की आधिकारिक घोषणा सोमवार को पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात के बाद की जाएगी। समझौते के तहत भारत और रूस के जॉइंट वेंचर में इन राइफलों का उत्पादन उत्तर प्रदेश के अमेठी में किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्यॉरिटी (उउर) ने बुधवार को इस डील पर मुहर लगाई।

इससे पहले डिफेंस ऐक्वजिशन काउंसिल (ऊअउ) ने भी इसे अपनी मंजूरी दे दी थी। एक सूत्र ने कहा, ''रक्षा उत्पादन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़े प्रयास के तहत सरकार ने अमेठी के कोरवा में 500000 से अधिक अङ-203 असॉल्ट राइफलों के उत्पादन की योजना को मंजूरी दी है।

पिछले साल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मॉस्को दौरे पर दोनों देशों ने समझौते को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। जॉइंट वेंचर इन राइफलों के निर्यात की संभावना भी तलाशेगा। 7.62 39 कैलिबर अङ-203 राइफल इंसास राइफल की जगह लेंगे। अङ-203 असॉल्ट राइफलों की रेंज 300 मीटर है। यह हल्की होने के साथ मजबूत और उपयोग में आसान होती है। इनसे सैनिकों की युद्ध क्षमता में वृद्धि की उम्मीद है।

## पूर्वांचल को फिर तोहफा देने आ रहे हैं पीएम मोदी



**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सात दिसम्बर को खाद कारखाना परिसर में रैली को मानबेला से बड़ी रैली बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा को देख भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया है। गोरखपुर-बस्ती मंडल के 41 विधानसभा क्षेत्रों के हर शहर एवं गांव से लोगों को पीएम की रैली में शामिल करने के लिए पार्टी पदाधिकारी गांव-गांव निमंत्रण लेकर पहुंच रहे हैं। रैली में 4 लाख लोगों की भीड़ जुटाने के लिए निजी एवं सरकारी मिला कर कुल 3200 बसें लगाई गई हैं। इनमें रोडवेज की 1750 बसें लगाई जा रही हैं। सर्वाधिक 350 बसें गोरखपुर परिक्षेत्र, आजगमगढ़ और वाराणसी से 200-200 तो वहीं लखनऊ परिक्षेत्र को 265 बसों का इंतजाम किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल गोरखपुर और बस्ती मंडल के सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दे चुके हैं। 7 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोरखपुर को खाद कारखाना और एम्स का लोकार्पण करेंगे। गोरखपुर समेत पूर्वांचल के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी सौगात होगी।



## रोहिताश सीमा पर रात बिताएंगे गृह मंत्री अमित शाह, बीएसएफ जवानों के साथ किया डिनर

**जैसलमेर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जैसलमेर में रोहिताश सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों और अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने बीएसएफ जवानों के साथ बड़ा खाना में भाग लिया और साथ में डिनर किया। इस दौरान गृह मंत्री ने जवानों की हौसला-अफजाई भी की। बीएसएफ के 57वीं रेजिंग डे कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अमित शाह पहले दफे भारत पाक सीमा के पास जैसलमेर पहुंचे। शाम को गृह मंत्री अमित शाह ने सैनिक सम्मेलन में भाग लिया और बीएसएफ जवानों से मुलाकात की। इससे पहले शाह ने जैसलमेर में प्रसिद्ध तनोट राय माता मंदिर में मत्था टेका।

अमित शाह रविवार को रेजिंग डे इवेंट में भाग लेने के बाद जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। ये पहला मौका है जब देश के किसी गृह मंत्री ने सीमा के पास जवानों के बीच पूरी रात बिताई है। बताया जा रहा है कि बीएसएफ जवानों की रात्रि गश्त के दौरान भी अमित शाह मौजूद रहेंगे। इससे पहले उन्होंने जवानों के साथ रात्रि भोज किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

## जाति आधारित जनगणना पर सरकार कर सकती है इनकार... लालू का केंद्र पर हमला

**नई दिल्ली।** देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर तमाम राज्यों से सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज उठने लगी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बाद आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ये योजना बना रही कि जाति आधारित गणना न हो, क्योंकि एसी/एसटी वर्ग के लोगों की संख्या बढ़ी है और सरकार को उन्हें नौकरी देनी पड़ रही है। इसलिए सरकार इससे इनकार कर सकती है। शनिवार को दिल्ली पहुंचे आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जाति आधारित जनगणना पर जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा, ₹नरेंद्र मोदी और भाजपा यह सुनिश्चित करने की योजना बना रहे हैं कि जाति आधारित जनगणना न हो। एससी/एसटी की आबादी बढ़ी है इसलिए सरकार को उन्हें नौकरी देनी पड़ रही है। सरकार इससे इन्कार कर सकती है लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जाति आधारित जनगणना हो। इससे पहले इसी साल अगस्त माह में बिहार सीएम नीतीश कुमार और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव जाति आधारित जनगणना पर साथ आए थे। उन्होंने इस संबंध में केंद्र सरकार से अनुरोध किया था कि सरकार जाति आधारित जनगणना सुनिश्चित करे। इस मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी सरकार से जाति आधारित जनगणना की मांग कर चुके हैं।




भारत पाक सीमा पर लौट आई शांति...? स्थानीय बोले-

## हमेशा रहे ऐसा माहौल, मानों जन्नत में जी रहे हम

**श्रीनगर।** भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 400 से अधिक गांवों में लंबे वक्त से शांति है। स्थानीयों का कहना है कि 25 फरवरी से सीमा पर कोई गोलीबारी नहीं हुई। ऐसा लगता है मानों हम जन्नत में जी रहे हैं। ऐसी शांति हमेशा बनी रहे।

भारत पाक सीमा पर जम्मू क्षेत्र के जम्मू, सांबा, कठुआ, पुंछ और राजौरी जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर स्थित हैं। 4,51,856 की आबादी वाले कुल 457 गांव सीमा पर स्थित हैं। इन दिनों सीमा पर शांति है। स्थानीयों का कहना है कि 25 फरवरी से क्षेत्र में शांति का माहौल है। पुंछ जिले के शाहपुर मेंढर गांव के तुफैल हुसैन ने हिन्दुस्तान टाइम्स से बात करते हुए कहा, ₹पहले, पाकिस्तानी मोर्टार हमारे घरों पर हमला करते थे और इसमें मेरा अपना घर क्षतिग्रस्त हो गया था। हमें गांव से भागकर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। हालांकि, 25 फरवरी से शांति लौट आई है और अब हमें ऐसा लगता है कि हम किसी जन्नत में रह रहे हैं। हम एक शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं। तुफैल हुसैन ने बताया कि उनके क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा, ₹क्षेत्र में अन्य विकास परियोजनाएं भी शुरू की गई हैं। सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। इससे पहले, ग्रामीण लगातार पाक मोर्टार की चपेट में आने के डर में रहते थे। अब हम खेती भी कर पा रहे हैं। पुंछ के मेंढर के निवासी विक्रम ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि भारत-पाक समझौता जारी रहे, क्योंकि शत्रुता के दौरान ग्रामीणों को पाक की गोलाबारी का सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ता है। हम दोनों देशों से इसे यथावत रखने की अपील करते हैं।₹ उन्होंने कहा कि शांति आते ही ग्रामीणों के बीच भय भी गायब हो गया है।



जम्मू जिले के आरएस पुरा सेक्टर के एक युवक रोहित चौधरी ने कहा, ₹हम भारत और पाकिस्तान के बीच शांति के सबसे बड़े लाभार्थी हैं क्योंकि शत्रुता के दौरान हम सचमुच पाकिस्तानी बलों के लिए बैठे बतख बन जाते हैं, जो असहाय ग्रामीणों को निशाना बनाते हैं।₹ चौधरी ने कहा, ₹चूंकि अब सीमा पर शांति है> हम खेती, आजीविका और शिक्षा जैसे जीवन के अन्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम हैं। नहीं तो या तो हम लगातार पाक की गोलाबारी में मारे जाने के डर में जी रहे थे या फिर कई दिनों तक सरकारी कैंपों में दयनीय स्थिति में रहे। चौधरी ने हालांकि इस बात पर खेद जताया कि सरकार ने पिछले अनुभवों से अभी भी सबक नहीं लिया है। सरकार ने आरएस पुरा में 50 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया है। लेकिन उसके पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। इसमें न तो ब्लड बैंक है और न ही ट्रॉमा सेंटर। रात में कोई वरिष्ठ चिकित्सक भी नहीं होता है। राहुल चौधरी बताया कि पाक फायरिंग में घायल हुए बीएसएफ जवानों को भी आरएस पुरा अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन स्टाफ के अभाव में उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर करना पड़ा।



## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ, 67 की उम्र में दिल्ली के अस्पताल में ली आखिरी सांस

**नई दिल्ली।** ब्लैक एंड वॉइट युग में दूरदर्शन के साथ अपना करियर शुरू करने और बाद के दशकों में डिजिटल दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले जानेमाने पत्रकार विनोद दुआ का शनिवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। विनोद दुआ की बेटी और अभिनेत्री-हास्य कलाकार मल्लिका दुआ ने बताया कि जानेमाने टेलीविजन पत्रकार का अंतिम संस्कार रविवार को यहां लोधी रोड स्थित शवदाह गृह में किया जाएगा। इस साल की शुरूआत में कोविड के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कोरोना वायरस से संक्रमित होने के चलते इसी साल जून में उन्होंने अपनी पत्नी, रेडियोलॉजिस्ट पद्मावती 'चिन्ना' दुआ को खो दिया था।

अस्पताल ने एक बयान में कहा कि विनोद दुआ का निधन इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में शाम करीब पांच बजे हुआ। इसी अस्पताल में उनका लीवर की पुरानी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। बयान में कहा गया, ''उन्हें गंभीर हालत में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था और वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही थी। इस दुखद समय में, हमारी संवेदना उनके परिवार और प्रियजनों के साथ है। मल्लिका दुआ ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''हमारे निर्भीक, निडर और असाधारण पिता विनोद दुआ का निधन हो गया है। उन्होंने एक अद्वितीय जीवन जिया, दिल्ली की शरणार्थी कॉलोनियों से शुरू करते हुए 42 वर्षों तक पत्रकारिता की उत्कृष्टता के शिखर तक बढ़ते हुए, हमेशा सच के साथ खड़े रहे।

## चक्रवात जवाद का असर, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट पर भारी बारिश, ट्रेनों पर भी असर

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान 'जवाद' ओडिशा-आंध्र प्रदेश तट पहुंचने से पहले गहरे दबाव में तब्दील होकर कमजोर पड़ सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले एक साल में 'गुलाब' और 'यास' की मार झेल चुके इन पूर्वी तटीय राज्यों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से कहा गया, 'इसके धीरे-धीरे कमजोर पड़ने और अगले 12 घंटे में उत्तर की ओर बढ़ने की उम्मीद है और इसके बाद यह उत्तर की तरफ ओडिशा के तट की तरफ गहरे दबाव के क्षेत्र के रूप में पुरी के पास जा सकता है।

बुलेटिन में कहा गया कि इसके बाद 'जवाद' के और कमजोर होने और उत्तर-पूर्वोत्तर की तरफ ओडिशा से पश्चिम बंगाल के तट की ओर बढ़ने के आसार हैं। भुवनेश्वर के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी यू एस दास ने कहा, 'यह समुद्र में कमजोर पड़ने के बाद गहरे दबाव के रूप में पुरी के तट से टकरा सकता है। तूफान जवाद का असर दिखना शुरू हो गया है। भले ही तूफान रविवार को ओडिशा तट से टकराने वाला हो लेकिन पुरी में तेज बारिश शुरू हो गई है।



तेज हवाएं भी चल रही हैं। सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की 64 टीमें भी तैनात की गईं हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से कहा गया, 'इसके धीरे-धीरे कमजोर पड़ने और अगले 12 घंटे में उत्तर की ओर बढ़ने की उम्मीद है और इसके बाद यह उत्तर की तरफ ओडिशा के तट की तरफ गहरे दबाव के क्षेत्र के रूप में पुरी के पास जा सकता है। भारतीय रेलवे ने साइक्लोन की वजह से 4 और 5 दिसंबर को चलने वाली लगभग 75 ट्रेनों को कैंसिल करने का फैसला किया है. ईस्ट कोस्ट रेलवे ने शनिवार को एक ट्वीट कर इन ट्रेनों की लिस्ट शेयर की है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) की रविवार को होने वाली प्रवेश परीक्षा, चक्रवात 'जवाद' के कारण ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुछ केंद्रों में स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को एक नोटिस में कहा कि यूजीसी-नेट 2020, जून 2021 का परीक्षा कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम, ओडिशा के पुरी, भुवनेश्वर, कटक, गंजम जिले के बरहामपुर और रायगढ़ जिले के गुनुपुर केंद्रों के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

## पहले रामभक्तों पर गोली चलाई अब दर्शन करने जा रहे : केशव

**अम्बेडकरनगर बाराबंकी।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को अम्बेडकरनगर और बाराबंकी पहुचे। दोनों जगह उन्होंने करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी। बाराबंकी में उन्होंने अपने भाषण में सपा-बसपा और कांग्रेस को निशाने पर रखा। सपा से गुण्डे, बसपा से भ्रष्टाचारी और कांग्रेस से फोटो खिंचवाने वाले निकाल दें तो कोई नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने पहले रामभक्तों पर गोली चलवाई वह आज दर्शन करने जाते हैं। अम्बेडकरनगर में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी भागा-भागा फिर रहा है जबकि पुलिस और प्रशासन आज भी वही है। परिवारवाद, माफियावाद और जातिवाद खत्म हुआ है। अपराधी किसी भी दल का हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होती है। सपा सत्ता में आएगी तो फिर से लूट मचेगी। जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री मौर्या ने कहा कि भाजपा के पक्ष में चल रही लहर को रोकने के लिए सभी दल एकजुट हो गए हैं। आप याद कर लो 2017 से पहले का समय। जब गुण्डे पुलिस अधिकारियों को धमकाते थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश कहते हैं कि भाजपा चुनाव निशान बुलडोजर रख ले तो मैं कहता हूं कि सपा चुनाव निशान एके-47 रख लें। उन्होंने कहा कि पहले विकास योजनाओं का धन सपा-बसपा और कांग्रेस के दलाल खा जाते थे। उन्होंने कहा कि 2022 में भाजपा फिर तीन सौ कमल खिलाएगी और सपा, बसपा और कांग्रेस पुराना आंकड़ा भी नहीं दोहरा पाएगी।



**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

## टूडो सरकार में भारतीय मूल के लोगों का दबदबा, तीन संसदीय सचिव बनाए गए

**नई दिल्ली।** कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो ने अपनी सरकार में तीन और भारतीय मूल के लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। टूडो ने एक घोषणा संसदीय सचिवों और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की। मनिंदर सिद्धू को विदेश मामलों की मंत्री मेलानी जोली का संसदीय सचिव बनाया गया है। मेलानी अक्टूबर 2019 में पहली बार ब्रैम्पटन ईस्ट से हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए थे। आरिफ विरानी को संसदीय सचिव की रैंक दी गई है। विरानी टोरंटो में पार्कडेल-हाई पार्क का प्रतिनिधित्व करते हैं। गुजरात में जड़ें जमाने वाली विरानी को इंटरनेशनल ट्रेड, एक्सपोर्ट प्रमोशन, लघु व्यवसाय और आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी का संसदीय सचिव नियुक्त किया गया था। वह पहले इससे पहले न्याय मंत्री के संसदीय सचिव और पिछली सरकार में अटॉर्नी जनरल के तौर पर काम कर चुके हैं।

ब्रैम्पटन नॉर्थ का प्रतिनिधित्व करने वाली रूबी सहोटा प्रक्रिया और हाउस अफेयर्स पर हाउस ऑफ कॉमन्स की स्थायी समिति की पूर्व अध्यक्ष हैं। सहोटा अब डिप्टी गवर्नमेंट व्हिप के रूप में काम करेंगी। इन नियुक्तियों की मजेदार बात यह है कि तीनों नवनियुक्त संसदीय सचिव ग्रेटर टोरंटो एरिया से हैं। कनाडा प्रधानमंत्री कार्यालय ने इन नियुक्तियों को लेकर कहा है कि यह टीम मंत्रियों और संसद के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। टूडो ने अक्टूबर में अपने मंत्रिमंडल में तीन भारतीय-कनाडाई लोगों को नियुक्त किया था। रक्षा मंत्री अनीता आनंद, वरिष्ठ मंत्री कमल खेरा, और अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री और पेसिफिक इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए हरजीत सज्जन मंत्री बनाए गए हैं।



## यूएस सरकारी कर्मचारियों का डेटा चोरी

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** इजरायली एनएसओ ग्रुप की तकनीक का इस्तेमाल करके अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 11 कर्मचारियों के फोन हैक किए गए थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।उक्त व्यक्ति ने बताया कि सभी कमार्चारी युगांडा में पदस्थ थे और इनमें कुछ विदेश सेवा अधिकारी भी शामिल थे। उसने बताया कि मंत्रालय के कुछ स्थानीय कर्मचारी हैक किए गए 11 लोगों में शामिल हैं। पेगासस नाम से मशहूर एनएसओ ग्रुप के जासूसी सॉफ्टवेयर के जरिये अमेरिकी सरकार के कर्मियों की हैकिंग का यह पहला ज्ञात उदाहरण है। यह मालूम नहीं हो सका है कि किस व्यक्ति या संस्था ने खातों को हैक करने के लिए एनएसओ तकनीक का इस्तेमाल किया, या क्या जानकारी मांगी गई थी।

## अमेरिकी खुफिया अधिकारों ने बताया, यूक्रेन पर हमला करने की तैयारी में है रूस

**नई दिल्ली।** यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई को बेहद मुश्किल बनाने का संकल्प लिया है। बाइडेन ने यूक्रेन को लेकर रूसी उकसावे के बारे में लगातार चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि हमारा मकसद यूक्रेन में रूसी आक्रमण को रोकना है। अमेरिका खुफिया अधिकारियों की मानें तो रूस 2022 की शुरूआत में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस 1.75 लाख सैनिकों को तैनात करने पर काम कर रहा है। इन सैनिकों में से आधे पहले से ही यूक्रेन सीमा पर तैनात कर दिए गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों और पूर्व अमेरिकी दिप्लोमैट्स का कहना है कि पुतिन साफ तौर पर संभावित आक्रमण के लिए आधार तैयार कर रहे है। लेकिन यूक्रेन की सेना पिछले सालों की तुलना में आज बेहतर तरीके से तैयार है। पश्चिमी देशों द्वारा धमकी दिए गए प्रतिबंध रूस की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाएंगे। हालांकि यह साफ नहीं है कि पुतिन का इरादा जोखिम भरे आक्रमण से गुजरने का है या नहीं। यूक्रेन के अधिकारियों ने भी चेतावनी दी है कि रूस अगले महीने आक्रमण कर सकता है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने बताया है कि यूक्रेन के पास रूसी सैनिकों की संख्या 94,300 है और इसमें जनवरी में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी संभव है। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का अनुमान है कि सीमा के पास करीब 70,000 रूसी सैनिक तैनात हैं।

